● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 106, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 23 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



योगी के अभेद्य किले में जोर आजमाइश 5

वेंकटेश अय्यर ने रच दिया इतिहास 6

## पीएन ने 70 साल से की 10 साल के काम की तुलना

### पीएम मोदी ने दिल्ली की जनता के सामने रखा अपना रिपोर्ट कार्ड, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर कसा तंज



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को दिल्ली के द्वारका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी में दूसरी रैली की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में सबसे पहली जनसभा को संबोधित किया था। मंच पर पीएम मोदी के पहुंचने के बाद समर्थकों ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर उनका जोरदार स्वागत किया। संबोधन के दौरान पीएम को अपना भाषण रोकना पड़ा, साथ ही उन्होंने लोगों से अपील भी की।

द्वारका में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच चरणों के मतदान ने भाजपा, एनडीए की मजबूत सरकार पक्की कर दी है। देश भी समझ रहा है कि अगर इंडी वालों को गलती से भी वोट पड़ गया तो वह वोट देश के लिए कोई काम नहीं आने वाला। जबकि भाजपा को दिया गया हर वोट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेगा।

पीएम मोदी ने जनसभा के दौरान कहा कि कांग्रेस हर दिन 12 किमी हाइवे बनवाती थी। भाजपा ने 30 किमी हाइवे बनवाए हैं। 60 साल में 70 एयरपोर्ट बनाए। मोदी ने 10 साल में 70 एयरपोर्ट बनवाए हैं। 75 फीसदी लोगों के घर में नल से जल आ रहा है, 22 एम्स और 18 करोड़ गैस कनेक्शन दिए। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल एक्सपोर्टर हैं, करीब सवा लाख स्टार्टअप, एक लाख करोड़ से ज्यादा का डिफेंस प्रोडक्शन कर रहे हैं। आगे कहा कि आज देश के बैंक तीन लाख करोड़ रुपया प्रॉफिट कर रहा है। आज दिल्ली से एक रुपया निकलता है तो 100 पैसे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा होता है। 36 लाख करोड़ रुपये हमने डीबीटी के थ्रू जनता के लिए भेजे। यदि कांग्रेस होती तो ये पैसे बिचौलिए खा जाते। कॉमनवेल्थ गेम्स को कौन भूल सकता है, देश का सामर्थ्य दुनिया को दिखाने का मौका था, लेकिन कांग्रेस ने इस पर भ्रष्टाचार का बदनुमा दाग लगा दिया। हमने हाल ही में जी-20 किया, भाजपा का विकास मॉडल नेशन फर्स्ट के लिए कमिटेड है, राष्ट्रसेवा हमारा मंत्र है।

दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चुनाव से तीन दिन पहले ये रैली दिल्ली और देश का भविष्य तय करेगी। हम तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का पीएम बनते देखना चाहते हैं। हमारी पीढ़ियां खप गईं धारा 370 हटने के इंतजार करते हुए। राम मंदिर बनने की राह देखते हुए। लेकिन पीएम मोदी ने ये सारे सपने साकार कर दिए।

पश्चिमी दिल्ली के भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कमलजीत सहरावत ने कहा कि यशश्वी प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उपहार दिया। मेरी जैसी एक कार्यकर्ता नारी शक्ति वंदन अधिनियम के एक अधिरूप के सामने आपके बीच में खड़ी हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करती हूं। ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल, मातृ शक्ति का गौरव बदल रहा है, तीन तलाक को हटाकर मुस्लिम बहनों के बहुत बड़ा उपहार प्रधानमंत्री जी ने दिया है।

## देश को मिली आर्थिक रूप से समृद्धि: डॉ. यादव



**भोपाल।** यह 21वीं सदी का भारत है और यहां पर लोकतंत्र है। किसी की भी तानाशाही नहीं चलेगी। देश की आजादी के बाद से कांग्रेस ने लगातार सनातन धर्म की जड़ों को काटने का प्रयास किया है। मध्यप्रदेश सीएम डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में पंकज चौधरी, कुशीनगर में विजय कुमार दुबे और जौनपुर में कृपाशंकर सिंह के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इसके बाद बिहार के गया में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का होना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अपनी चुनावी सभाओं में कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ। उसी समय अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनना चाहिए था, लेकिन 70 सालों तक कांग्रेस भगवान श्रीराम के होने पर ही प्रश्नचिन्ह लगाती रही। उनके होने का प्रमाण मांगती रही। कांग्रेस के कारण भगवान श्रीराम 70 सालों तक टेंट में ही विराजमान रहे। देशवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौका दिया तो उन्होंने वादे के अनुरूप भगवान श्रीराम को उनके गर्भगृह में विराजमान कराया। अब श्रीराम अपने गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। कांग्रेस हमेशा से सनातन धर्म की जड़ों को काटने का कार्य करती रही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज हमारा देश आर्थिक रूप से भी समृद्धशाली, वैभवशाली हुआ है। हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे हैं। देश में 70 नए हवाई अड्डे बने हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोजीदी के नेतृत्व में देश के हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास हुआ है। उन्होंने सेना के जवानों और किसानों को उनका मान-सम्मान दिलाया है। कोविड जैसी महामारी में भी देशवासियों की रक्षा करने का बीड़ा उठाया और प्रत्येक नागरिक की जान बचाई।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाण पत्रों को किया रद्द

### सीएम ममता बोली- आदेश नहीं मानूंगी



**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाईकोर्ट से बुधवार को ममता सरकार को बड़ा झटका मिला है। अदालत ने 2010 के बाद से जारी किए गए ओबीसी प्रमाण पत्रों को रद्द कर दिया है। जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और राजशेखर मंथा की बेंच ने ओबीसी सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया। हाईकोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मैंने एक न्यायधीश को एक आदेश पारित करते हुए सुना। प्रधानमंत्री इस बारे में कह रहे हैं अल्पसंख्यक तपशीली आरक्षण छीन लेंगे।

उन्होंने कहा, ये शरारती लोग (बीजेपी) अपना काम एजेंसियों के माध्यम से कराते हैं। मैं आदेश नहीं मानूंगी। जिन्होंने आदेश दिया है वह इसे अपने पास रखें। भाजपा की राय हम नहीं मानेंगे। ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा।

हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि पिछड़े वर्गों की लिस्ट 1993 के नए अधिनियम के अनुसार तैयार की जानी है। सूची पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा तैयार की जाएगी। अदालत ने कहा, जो लोग 2010 से पहले ओबीसी सूची में थे, वे बने रहेंगे।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 2010 के बाद जिन लोगों के पास ओबीसी कोटे के तहत नौकरियां हैं या मिलने की प्रक्रिया हैं। उन्हें कोटे से बाहर नहीं किया जाएगा। साथ ही नौकरी पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## 1 जून से बदल जाएंगे ट्रैफिक से जुड़े ये नियम, आपकी जेब पर होगा सीधा असर

**इंदौर।** देश में हर माह की पहली तारीख को कई नियमों में बदलाव होता है। मई माह जल्द ही खत्म होने वाला है और 1 जून से ट्रैफिक के साथ-साथ बैंकिंग नियमों में भी बड़ा बदलाव होने वाला है। नियमों में यह बदलाव आपके जीवन से साथ-साथ जेब पर भी प्रभाव डालेंगे, इसलिए इनके प्रति अभी से अलर्ट हो जाएं। 1 जून 2024 से ट्रैफिक नियमों में बड़ा बदलाव होने वाला है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों पर भारी जुर्माना लग सकता है।

## चुनाव आयोग की भाजपा-कांग्रेस को नसीहत, कहा-बयानों में संयम बरतें

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने दोनों ही पार्टियों से भाषणों में मर्यादा बनाए रखने को कहा है। साथ ही दोनों पार्टियों के स्टार प्रचारकों को धार्मिक व सांप्रदायिक बयानबाजी नहीं करने का निर्देश दिया है। बीजेपी को उन भाषणों को प्रचार को रोकने को कहा है, जिनसे समाज दो टुकड़ों में बंट सकता है।

इलेक्शन कमिशन ने कांग्रेस पार्टी से कहा कि वह भारत के संविधान को लेकर गलत बयानबाजी न करें। जैसे संविधान खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा अग्निवीर योजना पर चुनाव आयोग ने कांग्रेस से रक्षाबलों का राजनीतिकरण नहीं करने और रक्षा बलों की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में विभाजनकारी बयान नहीं देने को कहा है।

आयोग ने पाया कि देश का सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश एक स्थायी संरक्षण है। इसे चुनावों का शिकार नहीं बनाया जा सकता है। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि बीजेपी-कांग्रेस को भारतीय मतदाताओं के गुणवत्तापूर्ण चुनावी अनुभव की विरासत को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

चुनाव आयोग ने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया। आयोग ने बताया कि इलेक्शन के वक्त सरकार में रहने वाली पार्टी के पास अतिरिक्त जिम्मेदारी होनी चाहिए। बता दें लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों का मतदान 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को संपन्न हुए। अगले दो चरण की वोटिंग 25 मई और 1 जून को होगी। परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ईरान रवाना

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार (22 मई) को ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने तेहरान जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पोस्ट में बताया कि भारत की ओर से शोक समारोह में भाग लेने के लिए उपराष्ट्रपति ईरान गए हैं। 19 मई को रईसी का हेलिकॉप्टर ईरान-अजरबैजान बॉर्डर के पास क्रैश हो गया था। इसमें विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियान समेत कुल 9 लोग सवार थे। तबरिज शहर में अंतिम यात्रा के बाद राष्ट्रपति के शव को तेहरान लाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट से हेमंत सोरेन को झटका, अंतरिम जमानत की याचिका खारिज



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ा झटका देते हुए अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पैरवी वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट की ओर से याचिका खारिज होने के बाद कपिल सिब्बल ने अंतरिम जमानत याचिका वापस ले ली।

हेमंत सोरेन की ओर से एक अन्य अंतरिम जमानत याचिका निचली अदालत में भी पहली ही दायर की जा चुकी है। इस बारे में जानकारी छिपाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। आपको बता दें कि जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में हेमंत सोरेन जेल में बंद है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने माना है कि हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है और ऐसे में वे गिरफ्तारी को चुनौती कैसे दे सकते हैं।

## गृह और वित्त मंत्रालय को बम से उड़ाने की धमकी

### नॉर्थ ब्लॉक पुलिस कंट्रोल रुम को ई-मेल मिला, 22 दिन में ऐसी पांचवीं घटना



**नई दिल्ली।** दिल्ली को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस बार निशाना गृह और वित्त मंत्रालय था। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नॉर्थ ब्लॉक स्थित पुलिस कंट्रोल रूम को बम की धमकी वाला एक मेल मिला है।

दिल्ली फायर सर्विस को 3 बजे इसकी सूचना मिली। इसके बाद मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गईं। दिल्ली पुलिस, बम स्क्वॉड की टीम को भी एक्टिव किया गया। हालांकि जांच के बाद कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिला है। इस महीने एक मई से यानी 22 दिन में बम धमकी की ये पांचवीं घटना है।

इसी महीने की शुरुआत में दिल्ली-एनसीआर के करीब 100 से ज्यादा स्कूलों को ऐसी ही धमकी वाला ईमेल मिला था। 8 दिन पहले भी दिल्ली के 7 बड़े अस्पतालों और देश के सबसे सुरक्षित जेल तहाड़ को भी बम से उड़ाने वाले मेल भेजे गए थे। इसके पहले 10 से ज्यादा एसरपोर्ट को भी ऐसी धमकी मिल चुकी है।

1 मई को दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम रखे होने का ई-मेल भेजा गया था। बाद में पुलिस ने इस सूचना को फर्जी बताया था। इससे पहले रविवार (12 मई) को दिल्ली एयरपोर्ट, 20 अस्पताल और उत्तर रेलवे के चीफ पब्लिक रिलेशन अफसर के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। वहीं, 30 अप्रैल को दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। 6 मई को अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद सोमवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। ई-मेल मिलने के बाद बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड और पुलिस अधिकारियों की टीमों ने स्कूलों की तलाशी ली। स्कूलों को भेजा गया ई-मेल तौहीद वॉरियर के नाम से प्रेषित है। ईमेल में लिखा है... इस्तिशादी (जिहादी) पूरे शहर में फैल गए हैं और हमला करने के लिए तैयार हैं। तौहीद के योद्धा उन सभी को मार डालेंगे जो हमारी खिलाफत करेंगे।

## बिभव को लेकर दिल्ली लौटी पुलिस

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल केस में गिरफ्तार केजरीवाल के क्क बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस बुधवार को मुंबई से वापस ले आई। उन्हें मंगलवार को उनके आईफोन का डाटा रिकवर करने के लिए मुंबई ले जाया गया था।

बिभव कुमार पांच दिन की पुलिस कस्टडी में हैं। उन्होंने गिरफ्तारी से पहले अपने आईफोन को फॉर्मेट करके डाटा किसी और को ट्रांसफर किया था। उन पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास में मारपीट करने का आरोप है।

बिभव का फोन, लैपटॉप और केजरीवाल के घर की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। बिभव की कस्टडी गुरुवार तक है।

मामले की जांच अब स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम करेगी। एसआईटी को नॉर्थ दिल्ली की डीसीपी अंजिता चेप्याला लीड कर रही हैं। टीम में इंस्पेक्टर रैंक के 3 अधिकारी भी हैं। इनमें सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन का अधिकारी भी शामिल है, जहां मामला दर्ज किया गया था। स्क्क्ष अपनी जांच करने के बाद सीनियर्स को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

उधर, पुलिस ने 13 मई को स्वाति से मारपीट और बदसलूकी के वक्त सीएम आवास में मौजूद में स्टाफ से पूछताछ की और बयान दर्ज किए।

## झरोखा




## तेजी से आगे बढ़ रहा मानसून, उत्तर भारत में आज भी गर्मी दिखाएगी तेवर

**इंदौर।** उत्तर भारत में गर्मी के तेवर कम नहीं हो रहे हैं। मौसम विभाग ने आज भी दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिमी राज्यों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण भारत में मौसम में बदलाव हो रहा है। मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और केरल, तमिलनाडु जैसे राज्यों में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो चुकी है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के आसपास के इलाकों में लगातार बारिश से तापमान में गिरावट आई है। इससे किसानों और जनता को राहत मिली है।

मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर पश्चिमी राज्यों के लिए रेड अलर्ट की स्थिति को अगले 5 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। यहां फिलहाल तापमान में गिरावट की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, पाकिस्तानी क्षेत्र में एक पश्चिम विक्षोभ की स्थिति निर्मित हो रही है, लेकिन उसका प्रभाव भारतीय भूभाग पर कितना होगा, यह स्पष्ट नहीं है। आईएमडी के मुताबिक, आने वाले 5 दिनों तक पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी का सिलसिला जारी रह सकता है।

मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का एक क्षेत्र बनने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि कम दबाव के क्षेत्र के उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने के कारण 24 मई की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में आकर एक चक्रवात बन सकता है। इस कारण 25 मई तक बंगाल की खाड़ी में तेज हवाएं चल सकती है।

## बंगाल सीआईडी ने भी बांग्लादेशी सांसद की हत्या की पुष्टि की

### भारत इलाज कराने आये थे बांग्लादेशी सांसद

कोलकाता



बांग्लादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम अनवर बीते कई दिनों से कोलकाता से लापता हैं। अब उनकी गुमशुदगी की जांच कर रही बंगाल सीआईडी ने पुष्टि की है कि बांग्लादेशी सांसद की हत्या हो गई है। बंगाल सीआईडी का यह दावा बांग्लादेश सरकार के उस एलान के कुछ घंटे बाद आया है, जिसमें बांग्लादेशी सरकार ने कहा है कि अवामी लीग के सांसद अजीम अनवर की कोलकाता में बेरहमी से हत्या कर दी गई है।

मामले की जांच कर रही बंगाल सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस को ऐसी पुख्ता सूचना मिली है, जिसमें बताया गया है कि बांग्लादेशी सांसद की हत्या कर दी गई है। हालांकि पुलिस को अभी तक उनका शव नहीं मिला है। सीआईडी ने बताया कि बांग्लादेशी सांसद के कोलकाता में होने की पूर्व सूचना नहीं थी और जब गोपाल बिस्वास ने 18 मई को उनकी गुमशुदगी की सूचना दी, उसके बाद ही उन्हें मामले के बारे में पता चला। बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमान खान ने ढाका में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अनवर की कोलकाता में सुनियोजित तरीके से हत्या की गई।

भारत और बांग्लादेश की पुलिस मिलकर इसकी जांच कर रही हैं और हत्या के पीछे की वजह का पता लगाने की कोशिश कर रहीं हैं। इस मामले में सभी अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। बंगाल पुलिस ने कोलकाता के न्यू टाउन में एक अपार्टमेंट में छापा मारा है, जहां से पुलिस को खून के धब्बे मिले हैं। हालांकि इसके बारे में सीआईडी के अधिकारियों ने ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। बताया जा रहा है कि बांग्लादेशी सांसद इसी अपार्टमेंट में आते हुए सीसीटीवी में कैद हुए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अपार्टमेंट संजीब घोष नामक व्यक्ति का है, जो राज्य के एक्साइज विभाग में कार्यरत हैं। संजीब ने फिलहाल यह अपार्टमेंट एक अमेरिकी नागरिक अख्तरुज्जमां को किराए पर दिया हुआ है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बांग्लादेशी सांसद दो पुरुषों और एक महिला के साथ इस अपार्टमेंट में दाखिल होते हुए सीसीटीवी में कैद हुए थे। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि 15-17 मई के बीच ये तीनों लोग इस अपार्टमेंट से चले गए थे। इनमें से दो लोग बांग्लादेशी नागरिक हैं और बांग्लादेश लौट गए हैं। बांग्लादेशी पुलिस ने ढाका से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है।

बांग्लादेशी सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम अनवर बीती 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। यहां वे उत्तरी कोलकाता में गोपाल बिस्वास नामक व्यक्ति के घर पर रुके हुए थे। बिस्वास ने पुलिस को बताया कि 13 मई को अजीम अनवर डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेकर घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे। इस दौरान दोनों के बीच वाट्सएप के जरिए बात होती रही। 17 मई से अनवर से कोई संपर्क नहीं हो सका, जिसके बाद बिस्वास ने पुलिस में बांग्लादेशी सांसद की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

# कार्यकर्ता से बड़ा कोई पद नहीं होता : कांत देव सिंह

## भारतीय जनता पार्टी की विशेष कामकाजी बैठक में बोले प्रदेश उपाध्यक्ष

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी की चुनावी मतगणना के संदर्भ में विशेष कामकाजी बैठक जिला कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष कांत देव सिंह उपस्थित रहे तथा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेमवती खैरवार मंचासीन रहे।

जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि बैठक की औपचारिक शुरुआत भारत माता तथा पितृपुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलिन एवं माल्यार्पण से हुआ। बैठक के दौरान स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने दिया। जिलाध्यक्ष ने सर्व प्रथम लोकसभा चुनाव के सफल मतदान के लिये कार्यकर्ताओं को बधाई प्रेषित की तथा ये विश्वास प्रकट किया कि हम सभी लोकसभा चुनाव में सिंगरौली जिले से विधानसभा शचुनावों की तरह ही प्रचंड मतों से आगे रहने वाले हैं। आगामी 4 तारीख को




जिले की तीनों विधानसभाओं की मतगणना सिंगरौली में ही सम्पन्न होंगीं। सभी कार्यकर्ता जो अधिकृत मतगणना एजेंट रहेंगे उन्हें बड़े ही सजग तरीके से मतगणना प्रकृया के समय उपस्थित रहना है तथा बारीकी से मतगणना पर नजर रखनी है तथा अंत तक मतगणना स्थल पर डटे रहना है। विधायक रामनिवास शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि 1 जून को अंतिम चरण का मतदान है, हमारे सीमावर्ती जिले सोनभद्र में मतदान भी 1 जून को सम्पन्न होने वाला है जिसके पूर्व हम सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंच कर अपने सहयोगी दल अपना दल के उम्मीदवार के लिये चुनाव प्रचार में सहभागी बनना है तथा अधिक से अधिक मतदाताओं को एन डी ए के घटक दल के उम्मीदवार के लिये मतदाताओं को जागरूक करना है। चूंकि हम सभी की तरह से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़े हुए हैं इसलिए अपनी क्षमतानुसार हमें मोदी के हाथों को मजबूत करने तथा 400 पार सीटों के उद्देश्य से चुनावी समय में सहभागी बनना है। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह ने कहा कि हम सभी संगठन के लोग हैं और भारतीय जनता पार्टी का संगठन सदा ही क्रियाशील रहता है , हमारी सांगठनिक गतिविधियां कभी बंद नहीं होती?। आगामी 4 तारीख को मतगणना के पश्चात हमारे नये कार्यक्रमों की गतिविधियां प्रारंभ हो जायेंगी। हम 2024 में तो पुन: सरकार स्थापित कर ही रहे हैं तथा उसके बाद हमारा संगठन 2028 तथा 2029 की तैयारियों में लग जायेगा। सरकारी एवं सांगठनिक पदों में फेर बदल संगठन की सतत प्रक्रिया है जो चलती रहेगी किंतु हम सब कार्यकर्ता के रूप से सदा भारतीय जनता पार्टी का काम करते रहेंगे। हमारी पार्टी के सिद्धांतों के अनुसार कार्यकर्ता सबसे बड़ा है, एक कार्यकर्ता से बड़ा कोई पद नहीं होता ये ही हमारी सबसे बड़ी पहचान है। पड़ोस के जिले में मतदान की तारीख नजदीक ही है हम सबको संगठन के निर्देश पर वहां चुनाव प्रचार में हिस्सा लेना है तथा अधिक से अधिक मतदान हमारे सहयोगी दल के उम्मीदवार को मिले इसके लिये पूरा प्रयास करना है तथा मतगणना के दिन पूरी तन्मयता एवं तटस्थता से मतगणना स्थल पर उपस्थित रहना है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह ने किया तथा आभार प्रकटन जिला महामंत्री राज कुमार दुबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, सरोज सिंह, जिला महामंत्री लालपति साकेत, विधानसभा संयोजक गिरिजा पांडेय, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, विधानसभा प्रभारी प्रदीप शाह, जिला मंत्री बविता जैन, अरविंद तिवारी, कलावती यादव, विनोद चौबे, कोषाध्यक्ष हरिदास गुप्ता, कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद चौबे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल महामंत्री ऋचा सिंह, मंडल अध्यक्ष भारतेन्दु पांडेय, संदीप झा, शारदा शर्मा, संदीप चौबे, राज नारायण गुप्ता, गजेन्द्र अग्रहरि, रविन्द्र पांडेय, राम जी गुर्जर , राजू जायसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी राजीव तिवारी, पार्षद संजय सिंह, पार्षद संतोष शाह, पवन सिंह, विपिन प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## सरई तहसीलदार ने की बड़ी कार्यवाही

# बिना अनुमति नलकूप का उत्खनन करने पर बोरिंग मशीन जब्त, नियमों का अवहेलना करने वालों मे मचा हडकंप

**सिंगरौली।** सिंगरौली कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में जिले में पेयजल व्यवस्थाओं को समुचित रूप से व्यवस्थित करने का संवेदनशील प्रयास किया जा रहा हैद्य सरई तहसीलदार को सूचना प्राप्त हुई कि एसडीएम के बिना अनुमति के नलकूप का उत्खनन हो रहा था। इसके बाद सूचना पर पहुंचे सरई तहसीलदार ने बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया। सिंगरौली कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने अल्प वर्षा के चलते भू-जलस्तर गिरने से सिंगरौली जिले को जल अभावग्रस्त जिला घोषित किया है। जिले में नलकूपों के उत्खनन पर रोक लगाई गई है। निजी तौर पर नलकूपों के उत्खनन करने के पहले एसडीएम से अनुमति लेनी जरूरी है। तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा को बुधवार की सुबह सरई के वार्ड नंबर 4 में सड़क के किनारे एक निजी भूमि पर बोरवेल उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचे जो सूचना सही होना पाया गया। जहां सरई के आराजी खसरा नं. 1590/2 भूमि स्वामी स्वामी रमेश पिता रघुवीर शाह के भूमि पर एवं बोरवेल मशीन के संचालक से उत्खनन के संबंध में अनुज्ञा प्राप्त करने की जानकारी



चाही गई जिस पर उन्होंने अनुज्ञा ना होना बताया गया। जिस पर तत्काल बोरिंग मशीन क्रमांक एमपी 15 जी 0314 को जप्त किया गया हैं ।एवं स्थल पर मौका पंचनामा की कार्यवाही की गई। जप्ती पत्रक तैयार किया गया और वैधानिक कार्यवाही हेतु थाना सरई में वाहन को सुपुर्द नामा कराया गया है। विदित हो की जिला सिंगरौली में कलेक्टर द्वारा आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाकर स्वयं ग्राम वार समीक्षा की जा रही है। पानी के जल स्तर नीचे जाने के कारण पेयजल परीक्षण अधिनियम के तहत संपूर्ण जिले में आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत बिना अनुज्ञा के कोई भी बोरवेल उत्खनन नहीं किया जा सकता है। तहसीलदार सरई श्री मिश्रा के द्वारा उक्त निर्देशों का तत्परता से पालन करते हुए तत्काल ही जाकर बोरिंग वाहन को जप्त किया गया एवं वैधानिक कार्यवाही की गई। फीहाल इस कार्यवाही के बाद से क्षेत्र में नियमों का पालन ना करनें बालों के पसीने छूटने लगें हैं, एवं हडकंप मचा हुआ है। प्रशासन सख्त मूड में नजर आ रहा है। इस दौरान तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा, हल्का पटवारी विनोद शाह, पटवारी वृहस्पति वर्मा सहित राजस्व विभाग का प्राशासनिक अमला उपस्थित रहा।

# एनटीपीसी-विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं नें राष्ट्रीय स्तर के मेधा प्रतियोगिता में लहराया परचम

**सिंगरौली।** एनटीपीसी-विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं नें राष्ट्रीय स्तर के मेधा प्रतियोगिता में परचम लहराया, जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल से मिडिल ग्रुप कक्षा 07 से 09 में ईशान स्नेही एवं ऋषभ राज तथा सीनियर ग्रुप कक्षा 10 से 12 में तन्मय वर्मा एवं शौर्य दीप नें राष्ट्रीय स्तर के मेधा प्रतियोगिता में विजय हासिल की। एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में अपने कर्मचारियों एवं उनके बच्चों अंतर्निहित प्रतिभा को उजागर करने के उदेश्य से मेधा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसी




कड़ी में दिनांक 22.05.2024 को नोएडा में राष्ट्रीय स्तरीय मेधा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न परियोजनाओं के प्रतिभागियों नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार समूहों जूनियर ग्रुप कक्षा-04 से 06, मिडिल ग्रुप कक्षा 07 से 09 , सीनियर ग्रुप कक्षा 10 से 12 एवं एनटीपीसी कर्मचारी वर्ग में आयोजित की गयी थी, जिसमें परियोजना एवं क्षेत्रीय स्तर पर चयनित टीमों को राष्ट्रीय स्तर के मेधा प्रतियोगिता के लिए भेजा गया था। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल करने वाले सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुये इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनायें दी। साथ ही उन्होनें सभी प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुये अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित एवं प्रेरित भी किया।

## एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा बैंक पीओ एवं क्लर्क प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का किया गया शुभारंभ

**सिंगरौली।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आस-पास सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए विभिन्न कार्य किए जाते रहते है। इसी कड़ी में दिनांक 22.05.2024 को एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा बैंक पीओ एवं क्लर्क प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निश्शुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, विंध्यनगर में किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को बैंक पीओ और बैंक क्लर्क की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान करना है।

# सिंगरौली में गौशाला-आधारित पुनर्योजी कृषि प्रशिक्षण सफलता पूर्वक संपन्न

**सिंगरौली।** ग्रामीण आजीविका मिशन के डीपीएम मंगलेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में पिछले 20 दिनों जिले कें 10 गौशालाओं बगैया, खिरवा, बरका, गन्नई, मझिगवां-2, मलगो, कुम्हिया, सुहिरा, कोयलखूंथ, बिरकुनिया में गौशाला आधारित पुनर्योजी कृषि और गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने पर एक सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आजीविका मिशन के तत्वावधान में, एग्री-चिकित्सा केंद्र बिरकुनिया द्वारा, जिला परियोजना प्रबंधक के सहयोग से आयोजित किया गया था।प्रत्येक गौशाला में 2 दिवसीय



प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें कुल 179 महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मृदा परीक्षण, मृदा नमूनाकरण ,गोबर गैस स्लरी खाद जीवामृत, घनजीवामृत,केंचुआ खाद,नीमास्त्र,मल्चिंग,फसलों में कीट और बीमारियों की रोकथाम,नेपियर चारा का प्रशिक्षण दिया गया। वही दूसरे दिवस आधुनिक कृषि तकनीक ,विभिन्न प्रकार के कृषि तकनीकों का उपयोग,ड्रोन का प्रारंभिक स्तर पर प्रशिक्षण यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 अप्रैल को बगैया चितरंगी गौशाला से शुरू हुआ और 21 मई को मझिगवां-2 गौशाला देवसर में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य, गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना,महिलाओं को आजीविका के नए अवसर प्रदान करना तथा गौशाला आधारित पुनर्जीवी कृषि को बढ़ावा देना है। साथ ही मिट्टी की उर्वरता और उत्पादकता में वृद्धि करना टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से महिलाओं को गौशाला आधारित पुनर्योजी कृषि के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है। तथा उन्होंने सीखा कि कैसे वे गौशाला से प्राप्त गोबर, मूत्र और अन्य अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके खाद बना सकती हैं और इसका उपयोग करके अपनी फसलों का उत्पादन बढ़ा सकती हैं।इसके अलावा, आधुनिक कृषि तकनीकों और ड्रोन के उपयोग के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

# भीषण जल संकट से परेशान, सरपंच सहित ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**सिंगरौली।** गर्मी का महीना चल रहा है बढ़ती गर्मी के प्रकोप से जन जीवन अस्त-व्यस्त है इतना ही नहीं आदमी से लेकर पशु,पक्षी,जानवरों को भी गर्मी का सितम झेलना पड़ रहा है।आदमियों को किसी तरह से पेयजल तो मिल जा रहा है लेकिन पशु पक्षी और जानवरों का क्या हाल होगा वर्तमान हालात से कोई भी अनजान नहीं है। बताते चले कि मामला चितरंगी विकासखंड के ग्राम पंचायत क्षेत्र बगदरी का है जहां बगदरी के सरपंच अवधेश प्रसाद यादव ने ग्रामीणों के साथ जनपद पंचायत कार्यालय चितरंगी में पहुंचकर पेयजल की सुविधा मुहैया कराने हेतु गुहार लगाये हैं।वैसे भी वर्तमान में सिंगरौली जिला जल से सूखाग्रस्त घोषित किया गया है।ऐसे में लोग पानी के एक-एक बूंद के लिए तड़फड़ा रहे हैं यह



इकलौता बगदरी का हाल नहीं है बल्कि चितरंगी विधानसभा अंतर्गत ऐसे कई पंचायतें हैं जहां पर पेयजल अभाव की स्थिति बनी हुई है,कहीं हैंडपंप हवा उगल रहे हैं,कहीं कुआं सूख गई है, कहीं नालें सुख चुके हैं ऐसे में नदियां भी अपनी अंतिम सांस गिन रही हैं, जैसे तैसे लोग गंदा और दूषित जल पीकर अपना जीवन निर्वाह कर रहे हैं।ऐसी स्थिति शासन-प्रशासन ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए चुनौती बनी हुई है।इतने के बावजूद भी लोगों की समस्या से रुबरु होते हुए बगदरी के सरपंच ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी,उपखंड अधिकारी तथा कलेक्टर से गुहार लगाई है। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए पांच नग हैंड पंप हेतु बोर कराने की अनुमति भी सरपंच के द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से चाही गई पर अभी तक प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं मिल पाई है।अब देखना दिलचस्प यह होगा की ग्रामीणों द्वारा उठाई गई आवाज़ को प्रशासन संज्ञान लेता है या यू ही आवाज को दबा दिया जाएगा।

# जनमन योजना के तहत चल रहे शिविर का डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** पीएम जनमन योजना के तहत बैगा समाज के उत्थान हेतु शिविर आयोजित कर एक ही छत के नीचे योजना से संबंधित लाभ दिया जा रहा है। शिविर के दौरान बैगा परिवारो को राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैक खाता आदि खोले जाने का कार्य कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य



कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जनपद पंचायत बैढ़न आयोजित बरहपान, खम्हारिया, नादो, गोभा, चरगोड़ा, जोगियानी में आयोजित शिविरो का डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा के द्वारा निरीक्षण कर योजना शत प्रतिशत लाभ दिये जाने का निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि सिंगरौली जिले में कुल 16 शिविर आयोजन किया जा रहा है। आगे भी शिविर के माध्यम से बैगा परिवारो के हितग्राहियो को लाभ प्रदान कराया जायेगा।

# निगम आयुक्त के नेतृत्व में निगम अमले द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई

## नगर को सुव्यवस्थित बनाने में आप सब का सहयोग जरूरी: नगर निगम आयुक्त

**सिंगरौली।** नगर की मुख्य सड़कों पर दुकानदारों और व्यापारियों के अतिक्रमण करने के कारण नगर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है द्य शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और पैदल यात्रियों को भी चलने में असुविधा होती हैद्य इस तरह की समस्याओं को देखते हुए नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया था द्य इसी क्रम में कल शाम को नगर निगम की टीम के द्वारा दुकानदारों को अनाउंसमेंट के माध्यम सूचित किया गया कि सड़क पर अतिक्रमण न करें और नगर को व्यवस्थित बनाने में सहयोग करें।

जिसके चलते आज बुधवार को नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के नेतृत्व नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के द्वारा माजन



मोड़ से लेकर सत्या होटल तक रोड और नालियों के बीच बने फुटपाथ पर लगे अवैध बोर्ड, होर्डिंग आदि को हटाने की कार्रवाई की गईद्य इस दौरान आइसीआइसीआइ बैंक,सूर्य बैटरी, मां वैष्णो देवी डेयरी, आकृति एंटरप्राइज,राजा फुटवियर आदि जगहों के सामने बने होर्डिंग,बोर्ड और दुकानदारो द्वारा रोड तक अतिक्रमण कर रखे सामान को हटाने की कार्रवाई की गई द्य इसके बाद मस्जिद रोड के दोनों साइड दुकानदारों और व्यापारियों के द्वारा रोड तक अतिक्रमण कर रखे गए दुकान के समान को हटाने की कार्रवाई की गईद्य दुकानदार और व्यापरियो को समझाईस दी गई की नगर को व्यवस्थित रखना आपकी भी जिम्मेदारी हैं निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारी कर्मचारियो को निर्देशित किया कि समझाईस न मानने वाले वा नगर को अव्यवस्थित करने वालो के खिलाफ निगम के द्वारा सख्त कार्यवाही की जाये। निगमायुक्त ने आगे कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम यह अभियान यू ही जारी रहेगा। इस कार्यवाही के दौरान नगर निगम आयुक्त सहित निगम का पूरा अमला एसडीएम सृजन बर्मा, तहसीलदार, पुसिल बल, आरटीओ पुलिस बल सभी अपने दल बल के साथ स्थल पर मौजूद थे।

## मतगणना की तैयारियो के संबंध में राजनैतिक दलो के साथ बैठक आयोजित

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतगणना के लिए की जा रही तैयारियो के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं राजनैतिक दलो के निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थि एवं प्रतिनिधियो के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियो का स्वागत करते हुये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा मतगणना के पूर्व की जा रही तैयारियो के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। तथा मतगणना हेतु बनाये गये विधानसभावार कंक्षो एवं कितने चक्रो में मतगणना की जायेगी इसके संबंध में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, एसडीएम माड़ा सुरेश जाधव, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित अभ्यार्थी गण राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 50 क्विटल से अधिक सरसो बिक्री करने वाले किसानो की सूची उपलब्ध करायेः कलेक्टर

## उपार्जित गेहू सरसो के परिवहन कार्य में तेजी लाये : चन्द्रशेखर शुक्ला

**सिंगरौली।** जिले के ऐसे किसान जिनके द्वारा 50 क्विटल सरसो की बिक्री उपार्जन केन्द्रो के माध्यम से की गई है। तीनो उपखण्डो में निर्धारित खरीदी से सूची प्राप्त कर उपलंब्ध कराया जाना सुनिश्चित करे साथ ही उपार्जित गेहु एसं सरसो के परिवहन कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करे।उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में रवि विपण वर्ष 2024-25 में उपार्जित गेहु एवं सरसो खरीदी की गई भण्डारण एवं भुगतान परिवहन की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित विभागो के अधिकारियो को दिया गया।

वही बैठक के प्रारंभ में सहकारिता विभाग के प्रभारी



अधिकारी द्वारा बताया गया कि आज दिवस तक गेहु 1.33 लाख क्विटल खरीदी हुई तथा जिलें में 42 हजार क्विटल सरसो की खरीदी हुई है। तथा भुगतान की प्रक्रिया तीव्र गति से की जा रही है। प्रगति प्रतिवेदन पश्चात कलेक्टर द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि खरीदी केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। सरसो की बिक्री किये जाने जिले के किसानो की जानकारी लेने के पश्चात कलेक्टर ने यह निर्देश दियें कि ऐसे किसान जिनके द्वारा 50 क्विटल से अधिक सरसो की बिक्री की गई है। खरीदी केन्द्रवार ऐसे किसानो की सूची उपलंब्ध कराये ताकि इसका परीक्षण कराया जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि केन्द्रो में आदतन व्यापारियो के द्वारा भी बिक्री किये जाने की प्रबल संभावना बनी रहती है इसके रोकथाम लिए खरीदी केन्द्रो कि निरंतर मानीटरिंग करे। जॉच के दौरान ऐसे गड़बड़ी मिली तो संबंधितो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।बैठक के दौरान जिले में कुल पंजीकृत किसानो की सख्या तथा आज दिनांक तक बिक्रेता किसानो की संख्या कुल उपार्जित मात्रा तथा परिवहन एवं भण्डारण की जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा, नोडल अधिकारी गुन्जारीलाल तिवारी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी, नान के अधिकारी डी.के गोयल आदि उपस्थित रहे।

# जनजातीय कार्य विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित

सीधी

प्रमुख सचिव म.प्र. शासन जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के आदेशानुसार श्री प्रवीण भाटी सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. भोपाल का 02 दिवसीय दौरा कार्यक्रम जनजातीय कार्य विभाग सीधी के लिये हुआ है। 21 मई को प्रथम दिवस विभागीय प्राचार्यों, अधीक्षकों एवं कर्मचारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर एजेंडा के निर्धारित बिन्दुओं पर समीक्षा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से छात्रवृत्ति, संस्थाओं को प्राप्त राशि एवं व्यय, निर्माणाधीन विभागीय भवन, शासकीय भवनों के लिये भूमि की उपलब्धता, बस्ती विकास योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आदिवासी आदर्श ग्राम योजना, विभागीय कर्मचारियों के स्वत्वों, अत्याचार निवारण अधिनियम, वनाधिकार, आवास सहायता, विशिष्ट संस्थाओं का निरीक्षण एवं उनका परीक्षा परिणाम आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।



समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित समय-सीमा में विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा किसी भी योजना के क्रियान्वयन में जिले की उपलब्धि पीछे नहीं है। छात्रवृत्ति वितरण में अनुसूचित जाति का भुगतान 99.23 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति का 81.57 प्रतिशत भुगतान हुआ है। जनजातीय कार्य विभाग सीधी का परीक्षा परिणाम वर्ष 2024 का हाई स्कूल का 74.83 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी का 78.95 प्रतिशत रहा है। वर्षों से लम्बित अवमानना प्रकरणों एवं याचिका प्रकरणों में समय पर जबावदावा प्रस्तुत किया गया है तथा लम्बित न्यायालयीन प्रकरणों में जबावदावा प्रस्तुत करनें की प्रक्रिया प्रचलन में है। इस प्रकार समीक्षा के दौरान किसी भी एजेंडा बिन्दु में जनजातीय कार्य विभाग सीधी की प्रगति न्यून नहीं पाई गई। 22 मई को छात्रावासों और विशिष्ट संस्थाओं का निरीक्षण, एवं कर्मचारियों के स्वत्वों, समस्याओं के सम्बन्ध में सुनवाई की गई।

प्रवीण भाटी के साथ मीटिंग में डॉ. डी.के.द्विवेदी सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग सीधी, एन.के.एस.मरकाम क्षेत्र संयोजक, मण्डल संयोजक तथा विद्यालयों के प्राचार्य, बी.आर.सी.सी., बी.ई.ओ., छात्रावास अधीक्षक, अधीक्षिकाएं एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण 26 मई को

सीधी

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना के लिए गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 26 मई 2024 को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी (नया भवन) में समय दोपहर 12 से 02 बजे तक आयोजित किया गया है। संबंधित कार्यालय प्रमुख को नामांकित किए गए गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर की सूची पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारियों को उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए निर्देशित करें एवं तामीली की सूचना एनआईसी में भेजना सुनिश्चित करें।

# उर्वरक असली है या नकली, किसान खुद कर सकते हैं पहचानः उप संचालक कृषि

सीधी

कृषि उत्पादन बढ़ाने में उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। किसान खुद आसान तरीके अपनाकर असली उर्वरकों की पहचान कर सकते हैं। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास संजय कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को असली उर्वरकों की पहचान करने के कुछ आसान तरीके सुझाए हैं।

किसान ज्यादा उत्पादन लेने फसल में किसी उर्वरक का सबसे अधिक इस्तेमाल करते हैं तो वो यूरिया है। इसकी कीमत सबसे कम होना बड़ी वजह है। यूरिया के दाने सफेद चमकदार और आकार में गोल होते हैं। ये पानी में घुलनशील होता है तथा घोल को छूने पर ठण्डा महसूस होता है। यूरिया हथेली पर रखकर और मुट्ठी बंद कर फूंक मारने से हल्का गीला हो जाता है। खुले में रखने पर यह वातावरण की नमी अवशोषित कर गीला हो जाता है तथा गरम तवे पर डालने से यह पिघल जाता है। तेज आंच करने पर इससे अमोनिया की तीक्ष्ण गंध आती है।

कठोर दानेदार, भूरा, काला या बादामी रंग का होता है। नाखूनों से तोड़ने पर यह आसानी से नहीं टूटता। यूरिया की तरह डीएपी भी मुट्ठी में भरकर फूंक मारने पर हल्का गीला हो जाता है। इसके दानों में चूना मिलाकर हाथ से रगड़ने पर तीक्ष्ण गंध आती है। तवे पर धीमी आंच में गरम करने पर इसके दाने फूलकर बड़े हो जाते हैं। सुपर फास्फेट- डीएपी के विपरीत सुपर फास्फेट नरम दानेदार तथा भूरा, काला या बादामी रंग का होता है। नाखूनों से तोड़ने पर यह टूट जाता है। सुपर फास्फेट के दाने गरम करने पर यथावत बने रहते हैं, डीएपी की तरह फूलते नहीं हैं। सुपर फास्फेट भूरे मटमैले रंग के पॉवडर में भी होता है। पॉवडर को खुले में रखने पर वातावरण की नमी अवशोषित कर गीला हो जाता है। म्यूरेट ऑफ पोटास पिसे नमक की तरह सफेद, लाल रंग की ईंट के पावडर अथवा सफेद नमक और लाल मिर्च के पावडर के मिश्रण जैसा होता है। गीला करने पर इसके कण आपस में चिपकते नहीं है। पानी में घोलने पर पोटाश का लाल भाग ऊपर तैरने लगता है। तवे पर धीमी आंच में गरम करने से एनपीके के दाने लाई की तरह फूलकर बड़े हो जाते हैं। खुले में रखने पर यह वातावरण की नमी अवशोषित कर गीला हो जाता है। जिंक सल्फेट के दाने हल्के सफेद, पीले तथा भूरे बारीक कणों के आकार के होते हैं। डीएपी के घोल में जिंक सल्फेट का घोल मिलाने पर थक्केदार घना अवशेष बन जाता है।

## बीत गया एक वर्ष, हजम कर गए 20000 विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति

**स्कूल शिक्षा विभाग सुर्खियों में आया, रीवा एवं मऊगंज के शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के छात्रवृत्ति में रुकावट**

रीवा। छात्र नेता शुभम प्रसाद कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि कारनामों को लेकर सुर्खियों में रहने वाला स्कूल शिक्षा विभाग एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। रीवा एवं मऊगंज जिले के शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी छात्रवृत्ति नहीं मिली है, जिन छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली है उनकी संख्या तकरीबन 20000 है। बताते चलें आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को शासन से मिलने वाली छात्रवृत्ति जहां एक साल पहले मिल जानी चाहिए थी वहीं यह राशि अभी तक नहीं प्राप्त हुई है। शिकायत जब सीएम हेल्पलाइन सहित अधिकारियों के पास पहुंची उसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्य के साथ बैठक बोले- 20 मई तक सभी प्रचार अपने विद्यालय में लाभार्थी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलने में आ रही समस्याओं का निराकरण कर दिया जाए।जिसके कारण छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाई जा सके।स्कूल शिक्षा विभाग शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों की यह छात्रवृत्ति देता है।

वनांचल क्षेत्र कुसमी का मॉडल स्कूल

# शिक्षकों की मेहनत रंग लाई, 93 विद्यार्थी से बढ़ कर संख्या हुई 309

सीधी। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र कुसमी में स्थित शासकीय मॉडल स्कूल कुसमी में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। इस विद्यालय की शुरुआत 2012 में हुई थी जो उत्कृष्ट विद्यालय कुसमी में संयुक्त रूप से संचालित था। प्रारंभ में विद्यालय का कोई स्टाफ नहीं था, उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अध्ययन अध्यापन का कार्य कराया जाता था। वर्ष 2020 -21 में जब विद्यालय को पृथक से भवन की सुविधा उपलब्ध कराई गई तब विद्यार्थियों की संख्या मात्र 93 थी। नये शिक्षकों की नियुक्ति के साथ प्राचार्य और शिक्षकों के प्रयास से छात्र संख्या में वृद्धि हुई। वर्तमान में इस विद्यालय में 309 छात्र अध्ययनरत हैं। इस वर्ष कक्षा 12वीं में विद्यालय के 32 छात्रों में से 27 छात्र उत्तीर्ण हुए जिनमें 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा। विद्यालय में खेल सामग्री के साथ कंप्यूटर, लाइब्रेरी तथा सुविधायुक्त लैब है। ग्रामीण परिवेश के कारण विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम थी जो विद्यालय की सबसे बड़ी समस्या थी। प्राचार्य और सभी शिक्षकों द्वारा अभिभावकों के सहयोग से विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए किया गया प्रयास वर्ष की उनकी सबसे बड़ी सफलता में से एक है। अब छात्र विद्यालय में नियमित आते हैं तथा ड्रॉप आउट छात्रों की संख्या में भी कमी आई है। समय-समय पर कैरियर काउंसलिंग द्वारा छात्रों को कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्रदान की जाती है। आनंद सभा के आयोजन द्वारा छात्रों के जीवन में सकारात्मक पहलू और मानवीय मूल्य से अवगत कराया जाता है ताकि छात्र का समग्र विकास हो सके। विगत 2 वर्ष से ब्लॉक लेवल पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा है।



प्राचार्य राजकुमार सिंह कहते हैं कि यह उपलब्धि वरिष्ठ अधिकारियों के समय-समय पर स्कूल का भ्रमण और मोटीवेशन एवं शिक्षकों की अटूट मेहनत के कारण प्राप्त हुई है।

## बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान जारी



शहडोल। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में संभागीय जिला मुख्यालय के विभिन्न चौराहों, धार्मिक, ऐतिहासिक स्थलों रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं जिले की औद्योगिक एवं कोल माइन्स एरिया आदि स्थानों पर अभियान चलाकर बच्चों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिससे बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चें व उनके परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। साथ ही बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अंतर्गत विभिन्न विभागों महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से सर्वे दल का गठन कर भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों व उनके परिवारो का सर्वे व चिन्हिंकन किया जा रहा है। गौरतलब है कि बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम जागरूकता अभियान 6 जून 2024 तक चलाया जाएगा।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की धर्मपत्नी लेखिका स्वर्गीया उमा खरे के 92 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न

**अंतिम समय में देश की दशा और दिशा बदलने की जरूरत महसूस करतीं रहीं उमा खरे**

रीवा। स्थानीय नेहरू नगर स्थित पूनम जनमासा में ताम्रपत्रधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ओंकार नाथ खरे की धर्मपत्नी लेखिका स्वर्गीया श्रीमती उमा खरे के 92 वें जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें याद करते हुए समता संपर्क अभियान , समाजवादी कार्यकर्ता समूह , नारी चेतना मंच एवं विंध्याचल जन आंदोलन की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। श्रीमती उमा खरे का जन्म 22 मई 1933 को मध्यप्रदेश के सागर में हुआ था। उनके पिता श्री रामचंद्र खरे डिप्टी डायरेक्टर ऑफ लैंड रिकॉर्ड के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। मां का नाम श्रीमती सुताबाई था। श्रीमती उमा खरे पहली कक्षा की पढ़ाई मिशन स्कूल रायपुर छत्तीसगढ़ में की । दूसरी तीसरी बालाघाट में पढ़ी । चौथी पांचवीं और छठवीं की पढ़ाई कोरिया स्टेट छत्तीसगढ़ में की । सातवीं आठवीं और नौवीं खंडवा में पढ़ी। दसवीं कक्षा रायपुर से उत्तीर्ण की और फिर नागपुर बोर्ड से सन 1951 में 11 की परीक्षा दमोह से उत्तीर्ण की। वह चार बहनें और दो भाई थे। सन 1952 में बसंतपंचमी के दिन 30 जनवरी को रीवा निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे से उनकी शादी दमोह में संपन्न हुई। शादी के बाद वह कॉलेज की पढ़ाई करना चाहती थीं लेकिन गृहस्थी के बोझ के चलते ऐसा संभव नहीं हो पाया। इसके बावजूद उनकी अध्ययनशीलता ताउम्र बनी रही । उन्होंने अपने सभी बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाई। सुबह-सुबह दो दैनिक अखबारों को वह नियमित रूप से पढ़ा करती थीं। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कई पत्रिकाओं सरिता , सरस सलिल, बाल भास्कर , नवस्वदेश आदि में उनके लेख प्रकाशित हुए। इसके अलावा रीवा एवं शहडोल आकाशवाणी केंद्र से भी कई बार उनका सारगर्भित आलेख विचार प्रसारण हुआ। ताम्रपत्रधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे की धर्मपत्नी के रूप में उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के समकक्ष मानकर भारत सरकार के द्वारा पति के मरणोपरांत 21 अक्टूबर 1990 से आजीवन सम्मान निधि एवं प्रथम श्रेणी रेलवे मानार्थ पास उपलब्ध कराया गया। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा भी उन्हें आजीवन सम्मान निधि दी गई। लेकिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के बावजूद पति को कर्मठ ईमानदार प्रशासनिक अधिकारी के रूप में एक भी पदोन्नति का लाभ नहीं मिलने से उन्हें काफी कष्ट रहा। उनकी बड़ी बेटी ऊषा सक्सेना पत्नी स्वर्गीय श्याम मोहन सक्सेना भोपाल , ज्येष्ठ पुत्र अजय खरे रीवा , पुत्रवधू डॉ गायत्री खरे , मझली बेटी माधुरी लाल पत्नी श्री ए बी लाल भोपाल , सझली बेटी आभा श्रीवास्तव पत्नी राजीव श्रीवास्तव जबलपुर , छोटी बेटी शोभा सक्सेना पत्नी श्री भोपाल और छोटे बेटे अभय खरे शहडोल हैं। इसके अलावा डा सचेत सक्सेना (नाती) डॉ कनिका सक्सेना (नतबधु) , संचित सक्सेना (नाती), अभिषेक खरे (पौत्र) अंजलि पाण्डेय खरे (पौत्र बधु) अभिजीत खरे (पौत्र) शुभम् श्रीवास्तव (नाती) काजल श्रीवास्तव (नातिन) एवं दीप सक्सेना (नाती) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के वंशज के रूप में नाम रोशन कर रहे हैं।

## ई-दक्ष केन्द्र में ईटीपीबीएमएस प्री-काउंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया



सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत ईटीपीबीएमएस प्री-काउंटिंग का प्रशिक्षण 22 मई को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक ई-दक्ष केन्द्र जनपद पंचायत सीधी में पंकज पाण्डेय प्रशिक्षक ई-दक्ष केंद्र (सहा. नोडल अधिकारी ईटीपीबीएमएस) द्वारा प्रदाय किया गया, जिसके उपरांत काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट व सहायकों द्वारा ईटीपीबीएमएस डेमो पोर्टल में क्यू आर कोड स्कैनिंग कर ड्रेस रिहर्सल किया गया। इस प्रशिक्षण में नियुक्त समस्त काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट व सहायक उपस्थित रहे।

## रेत के अवैध भण्डारण पर हुई कार्यवाही, 34 ट्राली रेत जप्त



शहडोल। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के निर्देशानुसार राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा रेत के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही की गई। मंगलवार को तहसील ब्यौहारी के अंतर्गत पिपरी टोला एवं गहिरा टोला के पास रेत के अवैध भण्डारण पर ग्राम आखेटपुर निवासी रामसुहावन पटेल पिता बिहारी लाल पटेल के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 34 ट्रेक्टर ट्राली अवैध रेत जप्त किया गया।

# निर्माण विभागों के अधिकारी निर्माण कार्यों मे उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं : कमिश्नर

**1 जून से 7 जून तक शहडोल संभाग के सभी स्कूलों में चलाएं सफाई अभियानः कमिश्नर**

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शहडोल संभाग के सभी छात्रावासों का सतत निरीक्षण करें तथा छात्रावासों का निरीक्षण कर छात्रावासों की स्थिति में क्या सुधार करना है देखें और सुधारे कार्य 10 जून तक पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग के सभी छात्रावासों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य स्कूल प्रारम्भ होने से पूर्व 10 जून तक पूर्ण कर लिया जाए। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी शिक्षक 1 जून से स्कूलों में सतत रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें तथा स्कूलों में 1 जून से 7 जून तक सभी स्कूलों में सफाई अभियान चलाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि स्कूल प्रारम्भ होने से पूर्व शहडोल संभाग की सभी शालाएं स्वच्छ और सुंदर दिखने चाहिए तथा स्कूलों का शैक्षणिक वातावरण सुखद होना चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग में शिक्षकों को दिए गए उन्मेष प्रशिक्षण का प्रभाव शहडोल संभाग के सभी स्कूलों में दिखना चाहिए। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने उक्त निर्देश मंगलवार को विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए। कमिश्नर ने अपर संचालक लोक शिक्षण को निर्देश दिए कि वह स्कूलों में 10 जून तक क्या-क्या कार्यवाहियों की गई इसका प्रारूप तैयार कर स्कूलों के प्राचार्यों से जानकारी लें। बैठक में कमिश्नर ने राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि राशन वितरण और अधिक कारगर और बेहतर बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण व्यवस्था के माध्यम से लोगों को सहज रूप से राशन उपलब्ध होना चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जो सेल्समैन राशन वितरण व्यवस्था में गतिरोध उत्पन्न कर रहे हैं और लापरवाही बरत रहे हैं ऐसे सेल्समैनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही की जाएगी तथा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें। गावों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखें और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के हों यह सुनिश्चित कराएं। बैठक में कमिश्नर ने खाद बीज व्यवस्था और सड़क निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास, श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, अपर संचालक शिक्षा श्री सहदेव मरावी, संयुक्त संचालक कृषि श्री जेएस पेन्द्राम, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री सुनील परमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एके लाल, ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली), इंजीनियरिंग निर्माण शाखा
ई. निविदा क्रमांक डिप्टी. सी.ई.-सी.-सीधी-03-2024 दिनांकः 18.05.2024
उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई.-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी सी.ई.-सी. -सीधी-03-2024, दिनांक-18.05.2024 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बंद होने की तारीख 11.06.2024 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्तनिविदाओं को उपेक्षित कर दिया जायेगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्र.:** डिप्टी सी.ई.-सी. -सीधी-03-2024 दिनांक-18.05.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सीधी-गजराही खण्ड में सब स्ट्रक्चर, सुपर स्ट्रक्चर, आरई दीवार निर्माण, सड़क कार्य और अन्य विविध कार्यों सहित 1 नग रोड ओवर ब्रिज (आरओबी-कम्पोजिट गर्डर) और 7 नग रोड ओवर ब्रिज (आरओबी-आरसीसी बॉक्स) का निर्माण सीधी-सिंगरौली नई बी जी रेल लाइन परियोजना के संबंध में गोपद नदी (किमी 100.000 से 123.000) तक की निविदा।, **निविदा का अनुमानित मूल्यः** रु. 846326000.33, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये):** रु.0.00, **बयाना राशि(रुपये में):** रु. 4381600.00, **कार्य समापन अवधि (माह):** 18 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक-11.06.2024 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी. एस. के माध्यम से https:// www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।
उप मुख्य अभियंता(निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## संपादकीय

### सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी को दी नसीहत

सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को कड़ी नसीहत दी है। उसने व्यवस्था दी है कि अगर धनशोधन के मामले में किसी व्यक्ति के खिलाफ विशेष अदालत ने संज्ञान लिया है, तो ईडी उसे गिरफ्तार नहीं कर सकती। अगर आरोपी अदालत के बुलाने पर हाजिर होता है, तो उसे हिरासत में लेने के लिए ईडी को अदालत में आवेदन करना होगा और फिर न्यायालय बहुत जरूरी होने पर ही उसे हिरासत में भेजने का फैसला कर सकता है।धनशोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। यह फैसला एक तरह से ईडी की उसकी सीमा बताने वाला है। इसी धारा के तहत ईडी किसी आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि इस धारा के तहत गिरफ्तारी के बाद किसी आरोपी को जमानत देना मुश्किल हो जाता है।हालांकि एक वर्ष पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी को नसीहत दी थी कि धनशोधन मामले में गिरफ्तारियों को लेकर वह अतिरिक्त उत्साह न दिखाए। उसके बाद भी स्पष्ट निर्देश दिया था कि ईडी तभी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करे, जब उसके पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत हों, उसके बारे में वह स्पष्ट उल्लेख करे।दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से धनशोधन मामलों में जिस तरह ईडी सक्रिय नजर आ रहा है और विपक्ष के अनेक नेताओं और उनसे संबंधित लोगों को सलाखों के पीछे डाल चुका है, उसे लेकर लगातार आपत्ति दर्ज कराई जाती रही है। एक वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि ईडी भय का माहौल पैदा न करे। उसकी गिरफ्तारियों में राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी असाधारण रूप से अधिक है।मगर उस नसीहत का उस पर कोई असर नहीं हुआ। विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां लगातार जारी रहीं। उनमें से कई नेता अब भी जेल में हैं और उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही है। माना जाता है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद इस तरह के छापों और गिरफ्तारियों पर विराम लग जानी चाहिए, ताकि राजनेता चुनाव

# सही और फर्जी के बीच मिटता फर्क

**उस चुनाव की एक और महत्वपूर्ण बात यह थी कि लखनऊ लोकसभा सीट से 1957 और 1962 में लगातार दो चुनाव हारने वाले भारतीय जनसंघ के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी इस बार वहां से चुनाव नहीं लड़ रहे थे। अपने लच्छेदार भाषणों से भारी भीड़ बटोरने वाले वाजपेयी का लखनऊ से चुनाव न लड़ना भी कांग्रेस को आश्वस्त कर रहा था। कर्नल मोहन के सामने एकमात्र मजबूत उम्मीदवार थे आनंद नारायण मुल्ला। वकील और विद्वान होने के साथ ही वह उर्दू शायर भी थे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे थे और कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत व कर्नल मोहन के निजी रुतबे के सामने कोई निर्दलीय उम्मीदवार टिक भी सकेगा, इसकी कोई उम्मीद नहीं थी। एक और चीज थी, जो आनंद नारायण मुल्ला के खिलाफ जाती थी।**

(हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार)

यह बात 1967 की है, जब भारत अपनी चौथी लोकसभा को चुन रहा था। उस आम चुनाव में कांग्रेस ने लखनऊ से देश के सबसे बड़े शराब कारोबारी कर्नल वेद रतन मोहन को टिकट दिया था। वह देश की सबसे बड़ी शराब बनाने वाली कंपनी मोहन मीकिन के चेयरमैन थे। राजनीति और कारोबार की दुनिया के वह काफी सम्मानित शख्स थे। उन्हें उस दौर के सबसे मशहूर ब्रांड ओल्ड मॉन्क जैसी रम और गोल्डन ईगल जैसी बीयर शुरू करने का श्रेय भी दिया जाता है।

कर्नल वीआर मोहन की जीत तकरीबन पक्की मानी जा रही थी। वह लगातार दो बार लखनऊ शहर के मेयर रह चुके थे और शहर की सबसे चर्चित शख्सीयतों में शुमार थे। उद्योगपति होने के कारण यह भी माना जा रहा था कि उनके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। लखनऊ की लोकसभा सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट थी और उस चुनाव में बेशक पहली बार कांग्रेस पूरे देश में थोड़ी कमजोर दिख रही थी, लेकिन लखनऊ सीट पर उस हवा का असर नहीं था।

उस चुनाव की एक और महत्वपूर्ण बात यह थी कि लखनऊ लोकसभा सीट से 1957 और 1962 में लगातार दो चुनाव हारने वाले भारतीय जनसंघ के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी इस बार वहां से चुनाव नहीं लड़ रहे थे। अपने लच्छेदार भाषणों से भारी भीड़ बटोरने वाले वाजपेयी का लखनऊ से चुनाव न लड़ना भी कांग्रेस को आश्वस्त कर रहा था। कर्नल मोहन के सामने एकमात्र मजबूत उम्मीदवार थे आनंद नारायण मुल्ला। वकील और विद्वान होने के साथ ही वह उर्दू शायर भी थे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे थे और कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत व कर्नल मोहन के निजी रुतबे के सामने कोई निर्दलीय उम्मीदवार टिक भी सकेगा, इसकी कोई उम्मीद नहीं थी। एक और चीज थी, जो आनंद नारायण मुल्ला के खिलाफ जाती थी।




दरअसल, लखनऊ से लगभग 25 किलोमीटर दूर काकोरी नाम के एक कस्बे के पास 9 अगस्त, 1925 को एक ट्रेन डकैती हुई थी। हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारियों ने इसको अंजाम दिया था। ट्रेन में ले जाए जा रहे सरकारी खजाने को लूटने की योजना राम प्रसाद बिस्मिल व अशफाक उल्ला खां ने बनाई थी और इस योजना को अंजाम देने में चंद्रशेखर आजाद और राजेंद्र लाहिड़ी जैसे कई क्रांतिकारियों ने भाग लिया था। क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उनके संगठन को पैसे की जरूरत थी और इसीलिए ट्रेन डकैती जैसे दुस्साहसी काम को करने का फैसला किया गया था। बाद में जब इस मामले में मुकदमा चला, तो सरकार ने अपना वकील बनाया आनंद नारायण मुल्ला के पिताजी जगत नारायण मुल्ला को। इस केस में आनंद नारायण मुल्ला अपने पिता के असिस्टेंट थे और दोनों को सरकार की ओर से अच्छी-खासी फीस मिली थी।

डर यह था कि काकोरी कांड को लेकर आनंद नारायण मुल्ला को चुनाव प्रचार के दौरान कठघरे में खड़ा किया जाएगा। मगर ऐन वक्त पर हवा बदल गई। प्रचार यह हुआ कि इस बार कांग्रेस ने लखनऊ से एक शराबी को टिकट दे दिया है। फिर इस तरह की बातें भी उड़ाई गई कि कनर्ल वीआर मोहन जब प्रचार के लिए फलां मोहल्ले पहुंचे, तो नशे में एकदम धुत थे। कांग्रेस ने अपना सारा जोर लगा दिया, सारे संसाधन झोंक दिए गए, देश भर के तमाम बड़े नेताओं के दौरे हुए, उस समय के हिसाब से पैसा भी खूब बहाया गया, लेकिन अफवाहों से जो नैरेटिव तैयार हुआ, उसका जवाब नहीं मिल सका और आनंद नारायण मुल्ला बहुत आसानी से चुनाव जीत गए। यह पहला चुनाव था, जब लखनऊ लोकसभा सीट से कांग्रेस हारी और अगले चुनाव में कांग्रेस ने फिर से इस सीट को हासिल कर लिया।

लखनऊ का यह चुनाव इस बात का उदाहरण है कि जिसे हम आज 'फेक न्यूज' कहते हैं, वह कोई नई अवधारणा नहीं है। गंदी राजनीति हमेशा से ही अफवाहों और फर्जी खबरों के जरिये चुनावों का खेल बिगाड़ती रही है। विरोधियों का चरित्र हनन तब भी होता था, उन पर कीचड़ उछालने का चलन तब भी था। तब भी चुनाव लड़ने के लिए नैतिकता को दरकिनार कर दिया जाता था, लेकिन 21वीं सदी के दूसरे दशक में ये सारी स्थितियां पहले के मुकाबले बहुत आगे चली गईं।

अचानक ही हम एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गए, जहां इस गंदी राजनीति की मुलाकात 'पोस्ट ट्रुथ एरा', यानी सत्योत्तर काल और मोबाइल तकनीक द्वारा उपलब्ध कराई गई चमत्कारिक रूप से तेज प्रसारण तकनीक से हुई। इस मुलाकात ने राजनीति के स्वरूप को ही एकदम से बदल दिया। पहले अफवाहों, फेक न्यूज और चरित्र हनन की जो राजनीति स्थानीय स्तर पर छिटपुट ढंग से होती थी, अब उसे बड़े पैमाने पर समन्वित और संगठित ढंग से किया जा सकता है। अभी तक जो महज एक राजनीतिक बीमारी थी, उसने एकाएक एक महामारी का रूप ले लिया था।

समाज भी जैसे इसके लिए तैयार था। हम ऐसे दौर में पहुंच चुके हैं, जहां तथ्यों से ज्यादा महत्वपूर्ण भावनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने अपनी धारणाएं सच और यथार्थ के बजाय भावनात्मक अपील से बनानी शुरू कर दी हैं। उदारवादी लोकतांत्रिक राजनीति के मुहावरों से ऊबकर लोग विकल्प तलाशने लगे हैं। विभिन्न कारणों से लोकतंत्र की बहुत सी मूल संस्थाओं पर लोगों का भरोसा कम होने लगा है। इससे जो खालीपन बना है, उसने अनुदारवादी व पुनरोत्थानवादी ताकतों को पैर जमाने की जगह दे दी है। ये ताकतें बरसों से समाज में जिस ध्रुवीकरण के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही थीं, अब उसकी जमीन तैयार हो चुकी है।

राजनीति में लगे नेताओं ने भी इस धारणा को बनाने में अपना पूरा योगदान दिया है। जब कोई खबर उनके अनुकूल नहीं होती, तो उसे वे बड़ी आसानी से फेक कह देते हैं। भले ही ये राजनीतिज्ञ अपना बचाव कर रहे होते हैं, लेकिन इसी के साथ वे मुख्यधारा के मीडिया की लगातार घट रही साख में अपना योगदान भी दे देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिन्हें हम आज फेक न्यूज कहते हैं, उसका सबसे ज्यादा फायदा भी इन्हीं राजनीतिज्ञों ने उठाया है। पिछले कुछ समय में फेक न्यूज अलग-अलग तरह से और अलग-अलग स्वार्थ के हिसाब से इतना ज्यादा इस्तेमाल होने लगा है कि इसका अर्थ ही खत्म होता जा रहा है। न्यूज और फेक न्यूज का फर्क बताना भी अब मुश्किल हो जाता है। (लेखक की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक चुनाव से छल-प्रपंच का एक अंश)

# झुलसते शहरों में बढ़ती दुश्वारियां

विजय गर्ग

कुछ वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि बढ़ते तापमान के साथ सीजनल इफेक्टिव डिसार्डर की स्थिति बनती है। इससे लोगों के दिमाग में पाए जाने वाले न्यूरो ट्रांसमीटर में तेजी से बदलाव आते हैं। ये परिवर्तन लोगों को आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाने को प्रेरित करते हैं। वर्ष 2018 में अमेरिकी विश्वविद्यालय स्टैनफोर्ड के शोधकर्ताओं ने गर्म मौसम और बढ़ती आत्महत्या दर के बीच एक मजबूत संबंध चिह्नित किया था। स्टैनफोर्ड के अर्थशास्त्री मार्शल वर्क के नेतृत्व में हुए अध्ययन में दावा किया गया था कि 2050 तक अनुमानित तापमान वृद्धि से संयुक्त राज्य अमेरिका और मैक्सिको में अतिरिक्त इक्कीस हजार आत्महत्याएं हो सकती हैं।

गर्मी, लू और उमस किस तरह जानलेवा बन गई हैं- इसके उदाहरण दुनिया भर के शहरों में दिख रहे हैं। भारत में शहरों को बेहतर बुनियादी ढांचे, शानदार जनसुविधाओं और रोजगार के अवसरों के केंद्र के रूप में देखा जाता रहा है। वहां रहने वाले लोग एक अच्छी जीवनशैली वाली जिंदगी की उम्मीद करते हैं। पर अब शहर ही दुनिया के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। आबादी के बोझ से कराहते और सुविधाओं के नाम पर भयानक प्रदूषण झेलते ये शहर बुनियादी ढांचे पर भीषण दबाव, महंगाई और कामकाज की जगहों से रिहाइश की बढ़ती दूरियों के कारण उनमें रहने वालों की सुविधा के बजाय दुविधा का केंद्र बन रहे हैं। इधर कुछ वर्षों में उन्हें एक नई समस्या ने घेर लिया है। यह समस्या गांवों के मुकाबले शहरों में ज्यादा गर्मी पड़ना है। इस समस्या को वैज्ञानिकों ने अर्बन हीट कहा है। इसे शहरी लू भी कहा जा रहा है। इस शहरी लू पर नजर वर्ष 2018 में तब गई थी, जब यूएस जर्नल प्रोसिडिंग्स आफ द नेशनल एकेडमी आफ साइंसेज ने दुनिया के



चौवालीस शहरों में बढ़ते तापमान पर एक रपट प्रकाशित की थी। उस शोध रपट में दक्षिण एशिया के छह महानगरों में पैदा होने वाली शहरी लू (अर्बन हीट) पर केंद्रित करते हुए बताया गया था कि वर्ष 1979 से 2005 के बीच जिस कोलकाता शहर में सालाना सोलह दिन भयंकर लू चलती थी, अब वहां ऐसे दिनों की संख्या बढ़कर चौवालीस तक हो गई है। शोध में दावा किया गया था कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों की करोड़ों की आबादी के सामने आने वाले वक्त में शहरी लू झेलने का खतरा चार गुना तक बढ़ गया है। इसमें एक चेतावनी भी दी गई थी कि अब शहरियों को इस अर्बन हीट के साथ रहना और लगातार उसका खतरा सहना सीखना होगा।

इधर, सेंटर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट ने अपनी पत्रिका डाउन टू अर्थ में एक विस्तृत रपट में इस समस्या का खुलासा किया है। इसमें सवाल उठाया गया है कि कंक्रीट के जंगलों में बदलते हरियाली विहीन शहरों में आखिर इंसान कितनी अधिक गर्मी झेल सकता है। सवाल यह भी है कि आखिर बड़े शहरों या महानगरों में ऐसा क्या है, जो वहां प्राकृतिक रूप से पैदा होने वाली गर्मी या लू के मुकाबले कई गुना ज्यादा गर्मी पैदा हो रही है। इसका गंभीर पक्ष यह है कि शहरी लू केवल मई-जून में नहीं, घोर सर्दी में भी अपना असर दिखा सकती है।

अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन के जियोफिजिकल रिसर्च लेटर जर्नल में एक शोधपत्र अर्बन हीट आईलैंड ओवर दिल्ली पंचेज होल्स इन वाइडस्प्रेड फाग इन द इंडो-गैंगेटिक प्लेन्स शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। उसमें बताया गया था कि 2018 में देश की राजधानी दिल्ली में पिछले सत्रह वर्षों के मुकाबले प्राकृतिक कोहरे का सबसे कम असर इसलिए हुआ, क्योंकि यहां पैदा हुए प्रदूषण और गर्मी ने कोहरे में छेद कर दिए थे। सिर्फ दिल्ली नहीं, दुनिया भर के शहरों में शहरी प्रदूषण के कारण सर्दियों में कोहरे की सघनता में भारी कमी देखी गई। आइआइटी, मुंबई और देहरादून स्थित यूनिवर्सिटी आफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज ने नासा के सत्रह वर्षों के उपग्रह डेटा का विश्लेषण कर कोहरा छंटने की प्रक्रिया को फाग होल की संज्ञा देते हुए बताया था कि दिल्ली में जनवरी, 2018 में नब्बे से ज्यादा फाग होल हो गए थे। शोधकर्ताओं ने कहा था कि शहरों की गर्मी कोहरे को जला रही है, जिसकी वजह से ग्रामीण इलाके के मुकाबले शहरों का तापमान चार से पांच डिग्री ज्यादा हो जाता है।

बताया गया कि शहरों में तेजी से हो रहे हर किस्म के निर्माण कार्यों, बढ़ रहे शहरीकरण, हरित पट्टी में तेज गिरावट और कंक्रीट से तैयार हो रही संरचनाओं के कारण जमीन के अंदर की गर्मी सतह में या सतह के करीब फंसकर रह जाती है। आज की सच्चाई यही है कि दिल्ली- मुंबई समेत देश के तेईस शहरों की करीब बारह-पंद्रह करोड़ आबादी की जरूरतों के मद्देनजर हुए शहरीकरण ने शहरों को ऐसे हीट और गैस चैंबरों में बदल डाला है, जो मौसम की अतियों का कारण बन रहे हैं। ये शहर क्यों ऐसे बन गए हैं, इसकी कुछ स्पष्ट वजहें हैं। जैसे, कम जगह में ऊंची इमारतों का अधिक संख्या में बनना और उन्हें ठंडा, जगमगाता और साफ-सुथरा रखने के लिए बिजली का अंधाधुंध इस्तेमाल करना। चाहे घर हो या दफ्तर, मौसम से लड़ने के लिए उन्हें वातानुकूलित बनाना और आने-जाने के लिए कारों आदि का बढ़ता इस्तेमाल । अगर किसी शहर में एक वक्त में लाखों-करोड़ों एयर कंडीशनर रेफ्रिजरेटर (एसी-फ्रिज) चल रहे हों, पेट्रोल-डीजल से चलने वाली लाखों कारें ग्रीनहाउस धुएं के साथ गर्मी भी वातावरण में घोल रही हों, तो शहरों में नकली रूप से पैदा होने वाली इस लू की संहार क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है। सवाल है कि इस शहरी लू से कैसे निपटा जाए। अभी तक सामान्य मौसमी बदलावों से मुकाबले के लिए जो साधन और उपाय आजमाए जा रहे हैं, उनमें कोई फेरबदल लाए बगैर संभव नहीं है कि हम शहरी लू का मुकाबला कर पाएं। जाहिर है, इसके लिए शहरीकरण की योजनाओं के बारे में नए सिरे से कोई सोच बनानी होगी।

## वर्ग पहेली 5377

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | |
| | ■ | | ■ | 8 | | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ |
| | ■ | ■ | 12 | ■ | 13 | | ■ |
| 14 | | 15 | ■ | 16 | | ■ | 17 |
| | ■ | 18 | | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | 20 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत का सबसे अधिक राज्यों के साथ सीमा (8 राज्य)बनाने वाला राज्य (6)
6. आनंद, सुख, लुत्फ, स्वाद, रस (2)
7. कामदेव, मनोज, रतिपति (3)
8. स्थिति, अवस्था, हालत (2)
9. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
10. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दूसरी वस्तु पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
12. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
13. पुत्र, सुत, पूत (2)
14. औलाद, पुत्र या पुत्री, संतति (3)
16. तरकारी, हरी सब्जी, भाजी (2)
18. जख्म पर लगाया जाने वाला गाढ़ा और चिकना लेप (4)
19. गिरवी रखने का भाव या क्रिया रहने का ढ़ंग (3)
20. पकाकर उबालकर बनाया हुआ चावल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. हिंदु धर्म के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें यज्ञोपवीत धारण किया जाता है (8)
2. हिंडोले पर झूलना, पेंग मारना, झमते हुए चलना (4)
3. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (2)
4. पुरानी फिल्मों की पार्श्व गायिका जिन्होंने हिंदी पके अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल एवं पंजाबी भाषाओं में लगभग 6000 से अधिक गाने गाए है (7)
5. कपि, बंदर (3)
8. समूह, गुट, पंखुडी, गिरोह (2)
11. छोटे कद का, ठिगना, बौना (2)
15. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन करने की क्रिया (3)
16. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
17. उचित से अधिक, यथेष्ट, अधिक मात्रा में , ज्यादा (3)

### वर्ग पहेली 5376 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | ग | द | ■ | ग | ठि | या |
| ल | त | म | र्द | न | ■ | ग | म |
| दे | ■ | क | ■ | व | र | ना | ■ |
| व | क्ष | ■ | स | जी | व | ■ | श्या |
| ■ | मा | मा | ■ | व | ■ | सौ | म |
| ■ | प्र | ह | स | न | ■ | ह | ल |
| ■ | दा | वा | ■ | ■ | रा | ब | ■ |
| वा | न | र | ■ | बै | ह | त | र |

# क्रोध, युद्ध केवल उन्माद और लोलुपता का परिणाम

संजीव ठाकुर

युद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और 30 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है। युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती जा रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है। रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया हैद्य रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 1 वर्ष से ज्यादा समय से युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया हैद्य यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है। यूक्रेन के 1करोड़ 40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। इसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है। यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं। रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नाटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बर्बादी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा।

पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है। मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं। यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर, शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और न ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है, केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है।

## आज का राशिफल

### मेष

मेष : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

### वृषभ

वृष : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

### तुला

तुला : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

### वृश्चिक

वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

### मिथुन

मिथुन : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

### कर्क

कर्क : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करें।

### धनु

धनु : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

### मकर

मकर : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

### सिंह

सिंह : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

### कन्या

कन्या : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

### कुंभ

कुंभ : सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

### मीन

मीन : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों की छुट्टियां रद्द, इन विभागों पर ज्यादा असर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भीषण गर्मी में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की



छुट्टी निरस्त कर दी है। बिना पूर्व अनुमति के नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय। सरकार ने सभी जिला कलेक्टर, संभागीय आयुक्त, एसडीएम, जलदाय विभाग, बिजली विभाग और स्वास्थ्य विभाग में छुट्टियां रद् दर दी है। साथ ही वे बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडेंगे. यदि कोई अधिकारी या फिर कर्मचारी 3 दिन से अधिक छुट्टी पर है तो उसकी छुट्टियां निरस्त कर दिए जाएंगे। यह निर्देश जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने मंगलवार को दिए। दूसरी तरफ बिजली कंपनी डिस्कॉम के अध्यक्ष भानुप्रकाश एटरू ने सभी अभियंताओं और अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने के आदेश जारी कर दिए है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव समित शर्मा ने निर्देश दिए कि जिले के अधिकारियों और कार्मिकों को आगामी आदेशों तक ग्रीष्मकाल में अवकाश स्वीकृत नहीं किए जाएंगे, लेकिन अति आवश्यक होने पर जिले का अधीक्षण अभियंता अधिकतम तीन दिन का अवकाश स्वीकृत कर सकेंगे। जिसकी सूचना मुख्यालय को देनी होगी. अपरिहार्य परिस्थितियों में अधीक्षण अभियंता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता का अवकाश शासन सचिव स्तर से स्वीकृत किया जाएगा।शासन सचिव समित शर्मा ने बताया कि पीक लोड की स्थिति में बिजली विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर डेडिकेटेड फीडर व पंप हाउस की विद्युत आपूर्ति लाइनों में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखेंगे, जिससे विद्युत ट्रिपिंग, फाल्ट आदि के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित नहीं हो सके। जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के दौरान डायरेक्ट बूस्टर लगाने के कारण अंतिम छोर के उपभोक्ताओं को पेयजल उपलब्धता में समस्या आ रही है, उन क्षेत्रों में विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर जिला प्रशासन के सहयोग से पेयजल आपूर्ति के दौरान विद्युत आपूर्ति बंद करवाए जाने के विकल्प अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### पहाड़ी थप्पड़ पड़ा तो सब्जी के रेट तक पूछना भूल जाओगे- कंगना रनौत

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार कंगना रनौत और कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह एक-दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। इस सीट पर एक जून को मतदान होना है। मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, जुबानी तीर उतने ज्यादा चल रहे हैं। कंगना ने एक बार फिर विक्रमादित्य पर खूब बरसी हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस ने उन्हें चुनौती दे डाली है। कंगना ने कहा कि ये लोग मंडी की बेटियों के भाव पूछ रहे हैं। इन लोगों ने मंडी की बेटियों को अपवित्र कहा। बेटियों के मंदिर जाने पर उसे पवित्र करने की बात कही जाती है। अब हम बेटियों का अपमान सहन नहीं करेंगे। पहाड़ी महिलाओं में बहुत दम होता है। अगर पहाड़ी थप्पड़ पड़ा तो सब्जी का रेट तक पूछना भूल जाओगे। विक्रमादित्य जिस तरह की बातें कर रहे है, अगर उनके पिता जीवित होते तो उन्हें थप्पड़ मारते और माफी मांगने को कहते। कंगना ने विक्रमादित्य पर हमला करते हुए कहा कि उनका अपना कोई आधार नहीं है। वह अपने माता-पिता के नाम पर वोट मांग रहे हैं। अगर हिम्मत है तो अपने नाम पर वोट मांगे। मुझे भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया। मुझे चार बार राष्टीय फिल्म पुरस्कार मिला है। मैंने बचपन से गरीबी देखी है। पूरी मेहनत से आज यह मुकाम हासिल किया है। विरोधियों की तरह किताब में गरीबों को नहीं पढ़ा है। उन्होंने सुक्खू सरकार से पूछा कि आपदा के समय केंद्र सरकार से जो मदद मिली थी उसका सरकार ने क्या किया। विक्रमादित्य पर बरसते हुए कंगना ने कहा कि तुमने मंडी की बेटियों के भाव पूछे। मैं तुम्हारी वो हालत करूंगी की सब्जी के रेट भी भूल जाओगे। इनके पास सत्ता रही है लेकिन फिर भी भूख खत्म नहीं हो रही है। इन्हें जनता का पैसा खाने के लिए सत्ता चाहिए। सत्ता की यही भूख इन्हें ले डूबेगी। मैं खुद कमाती और खाती हूं। विक्रमादित्य मां-बाप के नाम पर खाते हैं। इनसे बड़ा कोई भ्रष्टाचारी नहीं है। इससे पहले विक्रमादित्य ने बीजेपी उम्मीदवार का नाम लिए बिना कहा था कि हिमाचल देव भूमि है। यहां गोमांस खाने वाला व्यक्ति चुनाव लड़े यह संस्कृति के लिए चिंता का विषय है।

### चुनाव को देखते हुए हरियाणा ने रोका दिल्ली का पानी : आतिशी

**दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली को मिलने वाला यमुना नदी का पानी रोक दिया है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने इसे चुनावी साजिश बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार इस विषय पर हरियाणा सरकार को पत्र लिखेगी। जरूरत पड़ने पर इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी जाएगी। आतिशी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से जगह-जगह से पानी की शिकायत आनी शुरू हुई, खास तौर पर ऐसे इलाकों से जहां पहले कभी पानी की शिकायत नहीं आती थी। जांच करने पर पता लगा कि यमुना का पानी हरियाणा सरकार द्वारा रोका जा रहा है। आतिशी ने बताया कि वजीराबाद में यमुना का स्तर सामान्य तौर पर 674 फीट होता है। अपने न्यूनतम स्तर पर यह 672 फीट तक चला जाता है। 11 मई से 21 मई तक लगातार हरियाणा ने धीरे-धीरे दिल्ली का पानी रोका। 11 मई को यमुना में पानी का स्तर 671.6 फीट पर था। तीन दिन तक 671.6 फीट पर बना रहा। 14 और 15 मई को यह 671.9 फीट पर रहा। 16 मई को घटकर 671.3 फीट पर आया। 17, 18, 19 मई को यह और नीचे आ गया।

# योगी के अभेद्य किले में जोर आजमाइश, गोरखपुर में दिलचस्प हुई रविकिशन, काजल, सिमनानी की लड़ाई

**गोरखपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जिन चुनिंदा सीटों पर देश की निगाहें टिकी हैं, गोरखपुर उनमें से एक है। इस बार के चुनाव में योगी के अभेद्य किले में सेंध लगाने के लिए जोर आजमाइश जोरों पर है। इस सीट पर सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है।



**मुकाबला हुआ त्रिकोणीय :** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीट से पांच बार सांसद रहे हैं। 2018 के उपचुनाव को छोड़कर गोरक्षपीठ के सहारे 1989 से इस सीट पर भाजपा का परचम रहा है। 2019 में जीतने वाले रवीन्द्र श्यामनारायण उर्फ रवि किशन शुक्ल पर भाजपा ने अपने गढ़ में लगातार दूसरी बार भरोसा जताया है। उनका सीधा मुकाबला सपा की काजल निषाद से है। बसपा ने जावेद सिमनानी को उतार मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है।

विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

गोरखपुर में भाजपा की किलेबंदी 2022 के विधानसभा चुनाव में अभेद्य रही थी। तब गोरखपुर संसदीय क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया था। गोरखपुर सदर सीट से खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ा और एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की थी। इस चुनाव में मुख्यमंत्री योगी ने बड़ी जीत का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**काजल निषाद पर दारोमदार :** इंडिया गठबंधन से सपा उम्मीदवार काजल निषाद भाजपा को चुनौती दे रही हैं। काजल भी अभिनय क्षेत्र से आती हैं। गोरखपुर के वोटरों से उनका पुराना रिश्ता है। 2012 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कैम्पियरगंज से चुनाव लड़ी हैं। सपा से महापौर के चुनाव में हार चुकी हैं।

**हर पार्टी के अपने दावे :** सपा के रणनीतिकार परंपरागत मुस्लिम, यादव वोटों के साथ पिछड़ी जाति के वोटों के भरोसे हैं। वहीं भाजपा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चेहरे और सीट पर बीते पांच वर्षों में10 हजार करोड़ के विकास कार्यों के सहारे है।

**35 साल से लहरा रहा भगवा :** वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिली थी। इसके बाद 2018 में उपचुनाव में सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा के उपेन्द्र दत्त शुक्ल को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। उस चुनाव को छोड़कर 1989 से अब तक सीट पर भगवा लहरा रहा है। योगी आदित्यनाथ 1998 से लगातार 19 सालों तक यहां से सांसद रहे। 1962 के आम चुनाव में तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ हिन्दू महासभा के टिकट पर मैदान में उतरे, पर हार गए।

**सपा को करिश्मे की आस:** सपा उम्मीदवार काजल निषाद क्षेत्र में प्रभावी निषाद वोटों पर दावेदारी कर रही हैं। 35 साल में सपा को सिर्फ गोरखपुर सीट पर 2018 के उपचुनाव में कामयाबी मिली थी। उस चुनाव में भाजपा ने उपेन्द्र दत्त शुक्ल को मैदान में उतारा था, जिन्हें सपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद (वर्तमान में संतकबीरनगर से भाजपा के सांसद और प्रत्याशी) ने हराया था। सपा को काजल से इसी करिश्मे की उम्मीद है।

**भाजपा चाहती है बड़ी जीत :** वर्ष 2014 के आम चुनाव में जौनपुर सीट पर कांग्रेस के टिकट पर करारी हार झेलने वाले रवि किशन ने 2018 में भाजपा का आए थे। 2019 के चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद ले पहली बार गोरखपुर सीट से उतरे रवि किशन ने सपा के राम भुआल निषाद को तीन लाख से अधिक वोटों से हराया था। भाजपा जीत को दोहराने बल्कि इसके अंतर को पांच लाख वोटों के पार ले जाने के दावा कर रही है।

**बसपा ने सियासी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाया :** गोरखपुर सीट पर बसपा अपने उम्मीदवार जावेद सिमनानी के जरिए चुनावी मैदान में उतरी है। जावेद बसपा से लम्बे समय से जुड़े हैं और विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। छात्र जीवन से राजनीति में आए जावेद सिमनानी वार्ड नंबर 68 मुफ्तीपुर से सपा के जियाउल इस्लाम के खिलाफ पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार मिली थी।

**सीट की खासियत :** गोरखपुर लोकसभा सीट गोरक्षपीठ की परम्परागत सीट रही है। गोरखनाथ मंदिर नाथ संप्रदाय का अहम केंद्र है। धार्मिक पुस्तकों के तीर्थ गीता प्रेस, गीता वाटिका से भी गोरखपुर की पहचान है। मुंशी प्रेमचंद और फिराक गोरखपुरी जैसे साहित्यकारों की कर्मभूमि और पंडित रामप्रसाद बिस्मिल का शहादत स्थल है।

## हिमंत के कहने पर आईपीएस से इस्तीफा दिया, बक्सर में लड़ रहे आनंद मिश्रा का दावा- बीजेपी ने धोखा दिया

**बक्सर, एजेंसी।** बिहार की बक्सर लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने बीजेपी पर धोखा देने का आरोप लगाया है। मिश्रा ने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कहने पर ही उन्होंने आईपीएस की नौकरी छोड़ी थी। सरमा ने उन्हें बीजेपी में बड़ा पद देने का वादा किया था। बता दें कि आनंद मिश्रा ने बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर बक्सर से निर्दलीय पर्चा भरा, जिससे यहां लड़ाई त्रिकोणीय बन गई है।

भोजपुर जिले के रहने वाले आनंद मिश्रा 2011 बैच के असम कैडर के आईपीएस रहे। पिछले साल उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया और राजनीति में कदम रखा। आनंद मिश्रा के बीजेपी ज्वाइन कर बक्सर से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें थीं। मगर पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में बक्सर से मौजूदा सांसद अश्विनी चौबे का टिकट काटकर मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया। इसके बाद आनंद मिश्रा ने बक्सर से निर्दलीय नामांकन किया, इस सीट पर आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होना है।

इंडिया टूडे से इटंरव्यू में आनंद मिश्रा ने कहा, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने उन्हें बीजेपी में शामिल करने का वादा किया था। उन्होंने गारंटी दी थी कि वह मुझे बीजेपी में महत्वपूर्ण भूमिका देंगे। उन्होंने मुझे आईपीएस से त्यागपत्र देने को भी कहा। उनके कहने पर ही मैंने नौकरी छोड़ी। मगर हिमंत और बीजेपी ने मेरे साथ धोखा किया। मुझे पार्टी में शामिल नहीं किया गया। आनंद मिश्रा ने दावा किया कि बीजेपी नेतृत्व को डर सता रहा था कि वह बड़े नेता बन जाएंगे। इसलिए उन्होंने बीजेपी ज्वाइन नहीं कराई। उन्होंने कहा कि आईपीएस के रूप में उन्होंने अपनी सेवा दी। अब वह जमीनी स्तर पर काम करने के लिए अकेले खड़े हैं। राजनीति में अपना रास्ता खुद तय करने के अलावा उनके पास कोई और विकल्प नहीं है। इसलिए वह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

तीन दिन पहले प्रचार करने बिहार आए हिमंत बिस्वा सरमा ने आनंद मिश्रा को बक्सर में बीजेपी को डिस्टर्ब नहीं करने की नसीहत दी। सरमा ने मिश्रा से कहा कि बक्सर में घूमा-घूमी मत करो। चुनाव के बाद असम ले जाऊंगा। जो करना है उधर ही करो। वहीं रहो, सुखी रहो।

## छत्तीसगढ़ में पूर्व विधायक समेत 10 पर मामला दर्ज, ईसाई कब्रिस्तान की जमीन खरीद-बिक्री का मामला

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पाली तानाखार के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा और उनके बेटे समेत 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने ईसाई कब्रिस्तान के नाम दर्ज जमीन की खरीद-बिक्री मामले में एक मामला दर्ज किया है। आरोप है कि केरकेट्टा समेत इन सभी लोगों ने बिलासपुर में ईसाई कब्रिस्तान के नाम दर्ज जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में कूटरचना और षडयंत्र कर खरीद-बिक्री की। अदालत के आदेश के बाद सिविल लाइन पुलिस ने यह मामला दर्ज किया। वर्ष 2018 में चुनाव जीतकर विधायक बने मोहितराम को मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाकर राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया था। आरोप है कि मोहितराम ने पद का दुरुपयोग कर बिलासपुर में कुदुदंड के चर्च ऑफ क्राइस्ट मिशन इन इंडिया के कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज करीब एक एकड़ जमीन की खरीद अपने बेटे शंकर केरकेट्टा के नाम पर की थी। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ने बताया कि जमीन की कीमत चार से पांच करोड़ रुपए है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बैरन उर्फ बिरन साय कुजुर निवासी चर्च आफ खाइस्ट मिशन कम्पाउण्ड कुदूदण्ड, बिरिम साय टोप्पो, अरूण टोप्पो, पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा व उनके बेटे शंकर केरकेटटा निवासी उरांवपारा पोलमी थाना पाली के खिलाफ धारा 403, 406, 420, 467, 468, 120बी के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# प्रियंका गांधी को चुनाव में न उतारने का फैसला सोनिया गांधी, राहुल और खुद प्रियंका का था-मल्लिकार्जुन खरगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की चर्चा इस बार काफी तेज थी। माना जा रहा था कि प्रियंका गांधी अपने राजनीतिक जीवन में पहला चुनाव इस बार लड़ सकती हैं। हालांकि इस बार भी ये सब कयास गलत साबित हुए और रायबरेली से राहुल गांधी ने पर्चा दाखिल किया। वहीं अमेठी लोकसभा सीट से भी प्रियंका को मौका नहीं मिला और वहां कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा के तौर पर पुराने वफादार को मौका दिया। दोनों ही सीटों पर वोटिंग हो चुकी है, लेकिन अब तक लोगों के मन में यह सवाल है कि आखिर प्रियंका को चुनाव में न उतारने का फैसला किसका था।

इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जवाब दिया। खरगे ने कहा कि यह फैसला सोनिया गांधी, राहुल और खुद प्रियंका का था। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी 30 सालों से राजनीति में हैं और वह बखूबी जानती हैं कि किसे कहां से चुनाव लड़ना चाहिए। खरगे ने कहा, प्रियंका गांधी हमारी स्टार कैंपेनर भी हैं। राहुल गांधी के साथ वह भी प्रचार में जुटी हैं। सोनिया जी की सेहत अच्छी नहीं है। ऐसे में उनकी डिमांड है और हजारों लोग उन्हें सुनने के लिए पहुंचते हैं। खरगे ने कहा, राहुल और प्रियंका दोनों ही हमारे नेता हैं। यदि हम दोनों एक ही जगह लगा देंगे तो फिर दूसरी स्थानों पर क्या होगा। उनको तो सबकी मदद करनी है। हम उनके किसी फैसला का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि कई अन्य बड़े नेताओं ने चुनाव नहीं लड़ा। ऐसा



इसलिए क्योंकि कई लोग तो विधानसभा में उतर चुके थे। इसके अलावा उनकी रणनीति थी कि अपनी बजाय किसी और को मौका दें। खरगे ने कहा कि हमारी इच्छा तो यह थी कि वरिष्ठ नेता पूरे देश में पार्टी के लिए प्रचार करें। हम सभी से चुनाव लड़ने को नहीं कह सकते। हम उन लोगों को मजबूत कर रहे हैं, जो चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन हमारे लिए वे भी अहम हैं, जो पार्टी की रणनीति तैयार कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि भाजपा तो आज देश में सभी संस्थानों को कुचल रही है। ऐसी स्थिति में बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के लिए यह चुनाव अहम है।

इस दौरान खरगे ने कांग्रेस के महज 328 सीटों पर चुनाव लड़ने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा रणनीति के तहत किया है क्योंकि साथी दलों के साथ सीट शेयर करनी थी। यही नहीं खरगे ने कहा कि हम 2004 की तरह ही चुनाव जीतने के बाद पीएम पद पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि हम 2004 के आम चुनाव की तरह ही चौंका देंगे। तब भी चर्चा थी कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार वापस लौट सकती है, लेकिन नतीजों ने चौंका दिया था। खरगे ने कहा कि हमने अपने साथियों के लिए समझौता किया है और अपने इतिहास में सबसे कम सीटों पर लड़ने का फैसला लिया।

# मनोज तिवारी ने केजरीवाल को घेरा, कहा- एक बेटी को तो गिरा-गिराकर मारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर मतदान के लिए चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। अंतिम कुछ घंटों में सभी दलों और उम्मीदवारों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और नॉर्थ ईस्ट सीट से भाजपा के उम्मीदवार मनोज तिवारी के बीच जोरदार वार-पलटवार देखने को मिला है। केजरीवाल ने रिंकिया के पापा कहकर तिवारी को हरान की अपील की तो भाजपा नेता ने उन्हें इसका मतलब समझाते हुए पलटवार किया।





**क्या बोले अरविंद केजरीवाल :** दरअसल, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कन्हैया कुमार के लिए प्रचार किया। केजरीवाल ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के साथ रोड शो करते हुए उन्हें जितवाने की अपील की और इसी दौरान मनोज तिवारी को रिंकिया के पापा कहकर संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा, यहां झाड़ू का बटन नहीं मिलेगा, पंजे का बटन मिलेगा होगा। दो नंबर का बटन दबाकर भारी बहुमत से जितवाना है और रिंकिया के पापा को हराना है। दरअसल ही ही ही हंस देली रिंकिया के पापा मनोज तिवारी का एक भोजपुरी गाना है।

**मनोज तिवारी ने दिया जवाब :** मनोज तिवारी ने अरविंद केजरीवाल पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत करते हुए कहा कि वह बेटी के समर्थक ही नहीं है तो बेटी के पिता को कैसे जितवा सकते हैं। तिवारी ने कहा, रिंकिया के पापा मतलब, बेटी के पिता। जब वह बेटी का ही समर्थक नहीं तो बेटी के पिता को कैसे जीतता हुआ देखेगा। वह बेटियों और बेटियों के पिता दोनों के दुश्मन हो चुके हैं। यह बहुत खतरनाक लाइन है, रिंकिया के पापा को हराना है, रिंकिया मतलब बिटिया और रिंकिया के पापा मतलब बेटी के पिता, एक बेटी को तो गिरा-गिरा के मारा ही है अब कह रहे हैं कि बेटी के पिता को हराना है। हम चाहते हैं कि बेटी का पिता जीते। बेटियों का पिता जीते। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ इसलिए कर रहे हैं। ये पता नहीं कहां से पढ़े हैं। अरे मनोज तिवारी को हराने की बात कहते बेटियों के पिता को हराने की बात कहकर उन्होंने अपने लिए बखेरा खड़ा किया है।

## महिलाओं की दुर्दशा से दुखी हूं, चुनाव जीतते ही करूंगी संदेशखाली का दौरा:ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बशीरहाट लोकसभा सीट के लिए एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि वह टीएमसी उम्मीदवार हाजी नुरुल की जीत के बाद संदेशखाली का दौरा करेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत के बाद कुछ ही दिनों के भीतर संदेशखाली में सभी लोगों से मिलेंगी। ममता ने दावा किया कि संदेशखाली की महिलाओं ने भाजपा का प्लान नाकाम कर दिया है। महिलाओं पर हमले, जमीन पर कब्जा करने और अन्य आरोपों की शिकायतों के बाद सुर्खियां बटोरने के बाद संदेशखाली में बनर्जी की यह पहली यात्रा होगी। मंगलवार को बशीरहाट में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, मुझे संदेशखाली की महिलाओं और जिस तरह से उन्हें अपमानित किया गया, उसके लिए खेद है। किसी को भी महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। बता दें कि सुंदरबन की सीमा से लगे संदेशखली के नदी किनारे क्षेत्र उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। यहां से टीएमसी ने हाजी नुरुल को पार्टी का प्रत्याशी बनाया है।



**भाजपा का प्लान-ए-संदेशखाली नाकाम :** ममता बनर्जी ने जनसभा में लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, संदेशखाली के बारे में झूठ अब सामने आ गया है। वे फिर से संदेशखली जा रहे हैं। भाजपा के पास हिंसा भड़काने की नई योजना है। हम किसी भी तरह की हिंसा की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि अनादर का खेल फिर कभी किसी और द्वारा नहीं खेला जाए। अगर चीजें सामने नहीं आई होतीं, तो लोग संदेशखाली में भाजपा की साजिश नहीं समझ पाते।

**भाजपा के विज्ञापनों पर हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत :** भाजपा के विज्ञापनों पर कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा गरीबों को पैसा देने के बजाय झूठ फैलाने के लिए विज्ञापनों पर पैसा बर्बाद कर रही है। बनर्जी ने कहा, हाई कोर्ट के आदेश ने साबित कर दिया है कि हमारे दावे सही थे। भगवान जगन्नाथ पर भाजपा प्रवक्ता और पार्टी उम्मीदवार संबित पात्रा की टिप्पणी पर बनर्जी ने कहा, भाजपा का दुस्साहस यह है कि एक नेता कह रहा है कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। अगर यह सच है।

# चीनी दूत से मिलने पर जयशंकर का राहुल गांधी पर तंज, बोले- कुछ तो समझ होनी चाहिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डोकलाम विवाद के बाद लगातार भारत और चीन के संबंध काफी खराब रहे हैं। हालांकि, राहुल गांधी इस मुद्दे पर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरते रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी तीखा पलटवार किया है। उन्होंने चीनी दूतों के साथ बैठकें करने का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता को पड़ोसी देश के बारे में अतिरिक्त समझ रखनी चाहिए। जयशंकर ने कहा, राहुल चीन को इतना महत्व देते हैं कि वह चीनी दूत के साथ गुप्त बैठकें करते हैं। इन बैठकों से उन्हें कुछ अतिरिक्त समझ होनी चाहिए।

इससे पहले राहुल ने कहा था कि जयशंकर को चीन के साथ द्विपक्षीय मुद्दों की कोई समझ नहीं है। आपको बता दें कि शुरू में कांग्रेस ने बैठक की पुष्टि नहीं की थी, लेकिन चीनी दूतावास ने अपने दूत के साथ राहुल की एक तस्वीर जारी की थी।

**पीएम ने यूक्रेन में रुकवाई थी गोलीबारी :** टाइम्स नाउ को दिए एक इंटरव्यू में जयशंकर ने इस चर्चा की पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तव में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध ग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए रूसी सेना से गोलाबारी रोकने के लिए कहा था। जयशंकर ने कहा, सबसे पहले 5



मार्च को खार्किव में ऐसा किया गया था। हमारे छात्र सुरक्षित क्षेत्र की ओर जा रहे थे। भारी गोलाबारी हो रही थी। हमारे प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को फोन किया और उनसे हमारे छात्रों के लिए रास्ता बनाने के लिए गोलाबारी रोकने के लिए कहा। पीएम के अनुरोध पर रूसी सेना ने गोलाबारी रोक दी और हमारे छात्र 8 मार्च को सुरक्षित क्षेत्र में पहुंच सके।

जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, जहां तक दुनिया में भारत की छवि और प्रतिष्ठा का सवाल है, देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा, सिर्फ एक नहीं बल्कि इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि हर देश अपने नेता की छवि से जाना जाता है। हम भाग्यशाली हैं कि मोदी दुनिया भर में भारत की कहानी के बारे में बोलने में बहुत सक्रिय रहे हैं और इससे हमें फायदा हुआ है। जयशंकर ने कहा कि चीनसे निपटने में कांग्रेस सरकार की गलतियों के परिणामस्वरूप 1962 में चीन ने भारतीय क्षेत्र पर हमला किया और कब्जा कर लिया। जयशंकर ने ककहा, नेहरू जब चीन को लेकर अपनी नीति बना रहे थे, तो सरदार पटेल ने उनका विरोध किया था। नेहरू कैबिनेट के कई मंत्रियों ने उनका विरोध किया था। बाद में जब अक्साई चिन रोड बनाई गई, संसद में चर्चाएं हुई। नेहरू की विदेश नीति पर कई चर्चाएं हुई।

संक्षिप्त समाचार

## मलेशिया मास्टर्स के दूसरे राउंड में पहुंची सिंधु



**कुआलालम्पुर, एजेंसी।** दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिलमूर को बुधवार को सीधे गेमों में हराकर मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने विश्व की 22वें नंबर की स्कॉटलैंड की खिलाड़ी को 21-17, 21-16 से हराया। सिंधु 2013 और 2016 में मलेशिया मास्टर्स खिताब जीत चुकी हैं। 28 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का वर्ष का यह सातवां टूर्नामेंट है। वह फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में चोटिल होने के बाद से कोर्ट पर लौटी हैं। उन्होंने पेरिस ओलम्पिक की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हाल में उबेर कप और थाईलैंड ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। मिश्रित युगल में बी. सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग की लुई चुन वेई और फू ची यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

## ऋषभ पंत या संजू सैमसन, टी20 विश्व कप के लिए युवराज सिंह ने इस पर जताया भरोसा ऋषभ



**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवराज सिंह ने टी20 विश्व कप 2024 में बाएं-दाएं बल्लेबाजी संयोजन के लिए अपनी प्राथमिकता पर कायम रहते हुए युवराज ने महत्वपूर्ण विकेटकीपर की भूमिका के लिए संजू सैमसन की तुलना में ऋषभ पंत को प्राथमिकता दी है। टी20 विश्व कप एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा और भारत अपने अभियान की शुरूआत 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

दोनों विकेटकीपर बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। संजू सैमसन ने न केवल कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है, बल्कि इस साल राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्लेबाजी क्रम में भी अहम भूमिका निभाई है। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने 14 मैचों में पांच अर्द्धशतकों के साथ 156.32 के शानदार स्ट्राइक रेट सहित 504 रन बनाए हैं, जबकि अपनी टीम को आठ जीत और प्लेऑफ में जगह दिलाई है।

दूसरी ओर ऋषभ पंत ने एक घातक कार दुर्घटना से उबरने के बाद शानदार वापसी की जिसने उन्हें 14 महीने तक मैदान से दूर रखा। सीजन की शांत शुरुआत के बावजूद 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तेजी से वापसी की और 13 मैचों में 155.40 के स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

युवराज ने कहा, मैं ऋषभ को चुनूंगा। जाहिर है संजू भी शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन ऋषभ बाएं हाथ के हैं और मेरा मानना ??है कि ऋषभ में भारत के लिए मैच जीतने की अपार क्षमता है, जो उन्होंने अतीत में किया है। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में बहुत कुछ है और मुझे लगता है कि वह बड़े मंच पर मैच विजेता हो सकता है।

# वापसी के बेहद करीब हैं शमी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी को फैंस ने आईपीएल 2024 में बहुत मिस किया. भारतीय तेज़ गेंदबाज़ इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट के पिछले सीज़न में गुजरात के पेसर ने सबसे ज़्यादा विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किया था. लेकिन इन दिनों वह इंजरी के चलते क्रिकेट से दूर हैं, जिसकी वजह से आईपीएल 2024 का हिस्सा नहीं बन सके. लेकिन अब जल्द ही उनकी वापसी हो सकती है. शमी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे हैं.

भारत की सरज़मीं पर खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से शमी वापसी नहीं कर सके हैं. उन्होंने आखिरी मुकाबला वनडे विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था. विश्व कप में भी शमी चोट के साथ खेले थे. उन्होंने बाद में इस बात का खुलासा करते हुए बताया था कि वह वनडे विश्व कप के मैचों के बाद दर्द के चलते इंजेक्शन लिया करते थे. उनकी एड़ी में चोट लगी थी.

इस इंजरी के लिए भारतीय पेसर ने 26 फरवरी, 2024 को सर्जरी करवाई थी, जिससे वह अब अच्छी तरह से उबर रहे हैं. शमी की इस इंजरी पर अपडेट देते हुए बीसीसीआई ने बताया था कि वह आईपीएल के बाद होने वाला टी20 विश्व कप भी नहीं खेल सकेंगे.

### अब वापसी के लिए जमकर बहा रहे हैं पसीना

अब शमी इंजरी से वापसी के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं. वह जिम में पसीना बहा रहे हैं. सर्जरी से वह लगभग रिकवर हो चुके हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सितंबर तक शमी की वापसी हो सकती है. हालांकि अभी उनकी वापसी को लेकर किसी भी तरह का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

### वनडे वर्ल्ड कप 2023 में जमकर बरपाया कहर

गौरतलब है कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शमी सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे थे. उन्होंने 7 मैचों में 10.71 की बेहद ही शानदार औसत से 24 विकेट झटके थे. इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जैम्पा दूसरे नंबर पर थे, जिन्होंने 23 विकेट लिए थे. हालांकि जैम्पा ने 11 मैचों में 23 विकेट चटकाए थे.

मलयेशिया मास्टर्स बैडमिंटन

# त्रिशा-गायत्री दूसरे दौर में, ताईवान की जोड़ी को 21-14, 21-10 से हराया




**क्वालालंपुर, एजेंसी।** क्वालिफाइंग दौर में चार भारतीय शटलरों को हार का सामना करना पड़ा। कोई भी मुख्य दौर में जगह नहीं बना सका। ओडिशा ओपन सुपर 100 का खिताब जीतने वाले सतीश कुमार ने मलयेशिया के चियाम जुन वेई को 21-15, 21-19 से हराया।

सातवीं वरीय भारतीय जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मलयेशियाई मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। र

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने ताईवान की हुआंग यू सुन और लियांग टिंग यू को सीधे गेमों में 21-14, 21-10 से परास्त किया। क्वालिफाइंग दौर में चार भारतीय शटलरों को हार का सामना करना पड़ा। कोई भी मुख्य दौर में जगह नहीं बना सका। ओडिशा ओपन सुपर 100 का खिताब जीतने वाले सतीश कुमार ने मलयेशिया के चियाम जुन वेई को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन वह इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से नजदीकी मुकाबले में हार गए।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने गुलशन कुमार को हराया, लेकिन अगले दौर में वह थाईलैंड के पानित्चफोन से 21-23, 21-16, 17-21 से हार गए। शंकर सुब्रमण्यन और तान्या हेमंत को भी हार मिली। युगल में पलक अरोड़ा-उन्नति हुड्डा भी शुरुआती दौर में हारीं।




## विश्व पैरा एथलेटिक्स में सचिन खिलारी ने जीता गोल्ड

**कोबे (जापान), एजेंसी।** भारत के सचिन सर्जेराव खिलारी ने बुधवार को विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉट पुट एफ46 वर्ग में 16.30 मीटर के एशियाई रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। यह भारत का पांचवां गोल्ड है, जो विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश के लिए एक नया रिकॉर्ड है।

पेरिस में चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में सचिन ने पुरुषों की शॉट पुट एफ46 स्पर्धा में 16.21 मीटर के थ्रो के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड जीता था। इस दौरान, उन्होंने पेरिस ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। भारत ने अब तक 5 गोल्ड, 4 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल के साथ 12 मेडल जीते हैं।

आईपीएल 2024

# वेंकटेश अय्यर ने रच दिया इतिहास




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का पहला क्वालीफायर मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। इस मैच में केकेआर की टीम ने दमदार खेल दिया और हैदराबाद को एकतरफा अंदाज में 8 विकेट से हरा दिया। ये चौथा मौका है जब केकेआर ने आईपीएल के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

इस क्वालीफायर मैच में 29 साल के वेंकटेश अय्यर के बल्ले से मैच विनिंग पारी देखने को मिली। इस दौरान वेंकटेश अय्यर ने एक ऐसा कारनामा किया जो इससे पहले किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने नहीं किया था।

### वेंकटेश अय्यर की ऐतिहासिक पारी

वेंकटेश अय्यर ने इस मैच में 28 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 182.14 की स्ट्राइक रेट से 5 चौके और 4 छक्के जड़े। बता दें ये आईपीएल प्लेऑफ में वेंकटेश अय्यर का तीसरा अर्धशतक है और ये तीनों अर्धशतक लगातार तीन पारियों में आए हैं।

इसी के बाद वेंकटेश अय्यर भारत के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने आईपीएल प्लेऑफ की लगातार तीन पारियों में 50+ रन बनाए हैं। उन्होंने इससे पहले साल 2021 प्लेऑफ में 2 अर्धशतक लगाए थे और अब इस सीजन में तीसरा अर्धशतक आया है।

### प्लेऑफ में वेंकटेश अय्यर का स्कोर

26 रन (30 गेंद) - बनाम आरसीबी, शारजाह, 2021

55 रन (41 गेंद) - बनाम दिल्ली कैपिटल्स, शारजाह, 2021

50 रन (32 गेंद) - बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, दुबई, 2021

51* रन (28 गेंद) - बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, अहमदाबाद, 2024

### लेंडल सिमंस की कर ली बराबरी

आईपीएल में वेंकटेश अय्यर के अलावा सिर्फ लेंडल सिमंस ही वो बल्लेबाज हैं जिन्होंने लगातार 3 प्लेऑफ मैचों में 50+ रन बनाए हैं। लेंडल सिमंस ने 2014 और 2015 आईपीएल के दौरान ये कारनामा किया था। उन्होंने 2014 एलिमिनेटर मैच में, 2015 क्वालीफायर और फाइनल में 50+ रन की पारियां खेली थीं।

### ऐसा रहा आईपीएल 2024 का पहला क्वालीफायर मैच

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। उन्होंने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 159 रन बनाए और उनकी टीम ऑलआउट हो गई। इसके बाद केकेआर के बल्लेबाजों ने काफी तेज शुरुआत की और सिर्फ 13.4 ओवर में ही 2 विकेट खोकर 164 रन बना इस मैच को अपने नाम कर लिया।

फ्रेंच ओपन

# दो साल बाद रोलां गैरां में वापसी की तैयारी में नडाल



## फिटनेस पर निर्भर करेगा खेलना

**पेरिस, एजेंसी।** साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और अभ्यास करने वाले जोड़ीदारों के साथ कोर्ट फिलिप चैटरियर पर पहुंचे। उनका अभ्यास देखने के लिए फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम में छह हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे।

स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल ने यहां रोलां गैरां में अभ्यास किया। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल रिकॉर्ड 14 बार फ्रेंच ओपन जीत चुके हैं। इस बार 37 साल के दिग्गज का यह रोलां गैरो में अंतिम ग्रैंडस्लैम माना जा रहा है। इस अभ्यास के जरिये नडाल अपनी फिटनेस और फॉर्म की परख ले रहे हैं ताकि यह तय हो सके कि उन्हें इस साल होने वाले फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेना है या नहीं।

### रविवार से शुरू होगा साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम

साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और अभ्यास करने वाले जोड़ीदारों के साथ कोर्ट फिलिप चैटरियर पर पहुंचे। उनका अभ्यास देखने के लिए फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम में छह हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। जैसे ही नडाल कोर्ट पर उतरे, दर्शकों ने हर्षोउल्लास के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने एक घंटे अभ्यास किया और उसके बाद कुछ समर्थकों को ऑटोग्राफ दिए। पिछले साल कूल्हे की चोट के कारण नडाल ने फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। इस चोट के कारण वह पिछले साल काफी समय मैदान से दूर रहे। उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ी। इस सीजन में भी वह चोट के कारण परेशान रहे हैं।

### इटालियन ओपन में हरकेज से हार गए थे नडाल

नडाल को हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे मैच में हुबर्ट हरकेज के खिलाफ 1-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। नडाल ने कहा कि देखता हूं कि इस हफ्ते कैसा महसूस करता हूं। यदि अपने आपको तैयार पाता हूं तो उतरूंगा।

यह उनका टूर पर अंतिम सीजन माना जा रहा है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन जीता था जो उनका 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब था। उनसे आगे सिर्फ सर्बिया के नोवाक जोकोविच हैं जिनके पुरुष सिंगल्स वर्ग में 24 ग्रैंडस्लैम हैं। नडाल ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी चोट के कारण हिस्सा नहीं लिया था। मालूम हो कि नडाल को लाल बजरी का बादशाह कहा जाता है और यहां उन्हें हराना किसी के लिए भी आसान नहीं होता है।

# अमेरिका ने टी20 मैच में बांग्लादेश को हराया

### ● गेंदबाजों के बाद कोरी और हरमीत की तूफानी बल्लेबाजी

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कोरी एंडरसन (34) और हरमीत सिंह (33) की नाबाद तूफानी बल्लेबाजी के दम पर अमेरिका ने टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। टी-20 विश्वकप से पहले अमेरिकी टीम को मंगलवार देर रात तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में ऐतिहासिक जीत मिली है। अमेरिका की जीत के हीरो हरमीत सिंह ने 13 गेंदों पर 33 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ही कप्तान मोनंक पटेल (12) का विकेट रनआउट के रूप में गवां दिया। उसके बाद नौवें ओवर में ऐंड्रियस गौस 18 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में स्टीवन टेलर (20) रन बना कर आउट हुए।

ऐरन जोंस (4) और नीतिश कुमार (10) रन बनाकर आउट हुए। 94के स्कोर पर पांच विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी अमेरिका की टीम को कोरी एंडरसन और हरमीत सिंह ने संभाला। एंडरसन ने 25 गेंदों में नाबाद (34) और हरमती ने 13 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (33) रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 156 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी।




बंगलादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने दो विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की लिटन कुमार दास और सौम्य सरकार की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 34 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जसदीप ने लिटन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। छठें ओवर में सौम्य सरकार भी चलते बने। उन्हें स्टीवन टेलर ने आउट किया। तौहिद हिर्दोय की ने 47 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (58) रनों की पारी खेली।

महमुदुल्लाह ने (31), सौम्य सरकार (20) लिटन दास ने (14) रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका के लिए स्टीवन टेलर ने दो विकेट चटकाए। वहीं सौरभ, अली और जेस्सी को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया

# ग्राम पंचायत सिरी मे व्यापक भ्रष्टाचार, दबंग चला रहे ग्राम पंचायत

जमकर हो रहा फर्जीवाडा

पन्ना/अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिरी में सामुदायिक वृक्षारोपण एवं सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य सहित प्रधानमंत्री आवास निर्माण में सरपंच सचिव व रोजगार सहायक द्वारा भारी भ्रष्टाचार एवं अनियमितताएं कर शासकीय राशि का दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणो ने कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन देकर मामले की जांच कराये जाने एवं कार्यवाही करने की मांग की गई है। दिये गये आवेदन मे उल्लेख किया गया है कि सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिली भगत से पिछले 5 वर्षों से ग्राम पंचायत अंतर्गत कई निर्माण कार्य एवं विकास कार्य जिसमें सामुदायिक खेत तालाब, वृक्षारोपण सहित प्रधानमंत्री आवास जैसी शासकीय योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। उक्त जिम्मेवारो द्वारा हितग्राहीयों के फर्जी मास्टर तैयार कर निर्माण एवं विकास कार्यों की राशि का गबन कर लिया गया है जबकि मौके पर एक भी निर्माण कार्य नहीं कराया गया। ग्राम पंचायत सिरी में सामुदायिक वृक्षारोपण कार्य गंगू के घर के पास जिसका वर्क कोड 2201 20 34 538784 राशि 142434 रुपए समुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य रामपुर सिरी रोड नाला निर्माण के पास में स्वीकृत किया गया था जिसका वर्क कोड 22012034507265 राशि 232032 रुपए, सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य देवराजी के पास सिरी में स्वीकृत किया गया था जिसका वर्क कोड 22012 034 688646 राशि 217 754 रुपए, समुदायिक तालाब निर्माण कार्य गर्ल्स हाई स्कूल के पास सिरी में स्वीकृत किया गया था जिसका वर्क कोड 220120 34 48 9288 है, खेत तालाब निर्माण कार्य राजेंद्र सिंह के खेत के पास सिरी में स्वीकृत किया गया था जिसका वर्क कोड 2201120 3468 8614 है समुदायिक तालाब निर्माण कार्य राजेन्द्र सिंह के खेत के पास सिरी में स्वीकृत किया गया था जिसका वर्क कोड 22011 2034 68 8614 है। साथ ही वर्ष 2021-22 में ग्रेवियन स्ट्रक्चर के नाम पर 15 स्थान पर कार्य के नाम से राशि आहरित की गई है जबकि मौके पर कोई भी कार्य नहीं कराया गया है। गौशाला



के पास चारागाह जिसका वर्क कोड 220120 3485 8408 में 1170 000 रुपए आहरण किया गया जबकि मौके पर एक भी काम नहीं कराया गया ह जिस समय चारागाह विकास के नाम से राशि आहरण की गई थी उस समय गौशाला संचालित थी या नहीं इसकी मौके पर जांच कराई जा सकती है उक्त लोगों के द्वारा गौ माता के नाम पर राशि आहरण कर भ्रष्टाचार किया गया है उनके द्वारा पशुओं को चारा, भूसा के नाम पर भी भारी फर्जीवाडा किया गया था। इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में परपुलेसन टैंक निर्माण कार्य गौशाला के पास सिरी में किया गया था। जिसका वर्क कोड 220120 34 918760 है जिसमें राशि 333 000 सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य नारायणपुर के पास वर्ष 2022-23 में स्वीकृत हुआ था जिसका वर्क कोड 220120 4966 398 है इसकी राशि लगभग 300000 सामुदायिक खेत तालाब कार्य वेद प्रकाश अवस्थी जिसका वर्क कोड 22012034 9740 59 है जिसकी राशि 8563 आहरण करने के बाद भी कार्य नहीं कराया गया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास निर्माण में भी व्याप्क भ्रस्टाचार किया गया है। हितग्राही प्रियंका की पीएम आवास आईडी एमपी 5211 245 है जिसके नाम से ग्राम पंचायत से आवास स्वीकृत किया गया किंतु भ्रष्टाचार कर मीना सिंह राजपूत के खाता क्रमांक 5529 81000 10986 बैंक ऑफ़ बड़ौदा में उक्त योजना की राशि 115000 हितग्राही गोपाल सिंह पिता सरदार सिंह की पीएम आवास आईडी एमपी 50 30 913 है जिसके नाम से ग्राम पंचायत से आवास स्वीकृत किया गया किंतु भ्रष्टाचार कर रामगोपाल कुशवाहा के खाता क्रमांक 5529 81000 14602 बैंक ऑफ़ बड़ौदा में उक्त योजना की राशि 115000 हितग्राही गुलाब की पीएम आवास आईडी एमपी 1598 616 है। जिसके नाम से ग्राम पंचायत से आवास स्वीकृत किया गया किंतु भ्रष्टाचार का मध्यांचल बैंक के खाता में उक्त योजना की राशि 115000 हितग्राही संजू लाल आदिवासी की पीएम आवास आईडी एमपी 2579 341 है जिसके नाम से ग्राम पंचायत से आवास स्वीकृत किया गया किंतु भ्रष्टाचार का संजू सिंह राजपूत के खाता क्रमांक 5529 81 0000 6455 बैंक ऑफ़ बड़ौदा में उक्त योजना की राशि 115000 हितग्राही भगवान दास की पीएम आवास आईडी एमपी 2565 095 है इसके नाम से ग्राम पंचायत से आवास स्वीकृत किया गया किंतु भ्रष्टाचार कर ग्राम के किसी अन्य भगवान दास के नाम पर संचालित खाता क्रमांक 55 29 81000 15933 बैंक ऑफ़ बड़ौदा में उक्त योजना की राशि 115000 रुपए डालकर आहरित कर ली गई है। वर्तमान सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक द्वारा किए गए भ्रष्टाचार इसी प्रकार भ्रष्टाचार का वर्तमान सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक द्वारा भी किया जा रहा है वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत सिरी में समुदायिक तालाब निर्माण कार्य मुक्तिधाम के पास सिरी में स्वीकृत किया गया था जिसका वर्क कोड क्रमांक 220 120 3510 4805 एवं कुल 33 मस्टर लगाकर कुल राशि 342 550 रुपए पर परपुलेशन टैंक निर्माण कार्य गौशाला के पास सिरी में किया गया। जिसका वर्क कोड 220120 3491 8760 है जिसमें कुल 16 मस्टर लगाकर राशि 309 689 रुपए की राशि हडप की गई। इसी प्रकार चेक डैम निर्माण खेरे के पास पाठा सिरी में स्वीकृत किया गया था जिसका वर्क कोड 220120 34 82 2731 है जिसमें फर्जी तरीके से 43 मस्टर तैयार कर सरपंच सचिव व रोजगार सहायक द्वारा राशि 396 858 रुपए आहरित कर ली गई है जबकि मौके पर एक भी निर्माण कार्य नहीं है इनके द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है एवं निरंतर अभी भी कर रहे हैं।

## ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी पसंद की तारीख और उपार्जन केन्द्र में बेच सकते हैं उपज

**पन्ना।** शासन द्वारा किसानों की उनकी उपज बेचने की व्यवस्था को सुगम बनाने के लिये ई-उपार्जन पोर्टल तैयार किया गया है। ई-उपार्जन पोर्टल पर जिले के किसानों को अपनी उपज की बिक्री करने के लिए अपनी पसंद की तारीख, उपार्जन केन्द्र और स्लॉट बुक करने की सुविधा प्राप्त है। इसके लिए ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसान अब स्वयं अपनी उपज बेचने के लिए दिन, तिथि, उपार्जन केन्द्र और स्लॉट का चयन खुद कर निर्धारित तिथि पर उपार्जन केंद्र पहुंचकर आसानी से अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते हैं। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत कृषक द्वारा स्वयं के मोबाईल, एमपी ऑनलाईन, सीएससी, लोक सेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकती है। स्लॉट बुकिंग के लिये कृषक के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित की जाती है, जिसे पोर्टल पर दर्ज कराना होता है।

मौजूदा समय में जिले के निर्धारित उपार्जन केंद्रों में गेहूं, मसूर, सरसों का उपार्जन कार्य जारी है। शासन द्वारा किसानों के हितार्थ तैयार किये गये ई-उपार्जन पोर्टल की सुविधा का लाभ जिले के किसानों द्वारा अपनी उपज विक्रय के लिये किया जा रहा है। जागरूक किसान भाई अपने द्वारा चयनित दिन और उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय कर रहे हैं। किसानों की सहूलियत के नजरिए से जिले में गेहूं, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिये खरीदी केन्द्र स्थापित किये गये हैं। 31 मई तक उपार्जन कार्य चालू रहेगा।

## मतगणना प्रेक्षक की नियुक्ति

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नगिक्य गोहेन को जिले की पवई, गुनौर एवं पन्ना विधानसभा के लिए मतगणना प्रेक्षक नियुक्ति किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने मतगणना प्रेक्षक के आगमन एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जिला आबकारी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## तीस हजार की रिश्वत मांगने वाले प्रधान आरक्षक तथा आरक्षक को पुलिस अधीक्षक नें किया निलंबित

**पन्ना।** पवई थाना मे पदस्थ प्रधान आरक्षक गणेश सिंह एवं आरक्षक प्रेम नारायण को पुलिस अधीक्षक द्वारा निलंबित कर दिया गया है। उक्त दोनो पुलिस कर्मियो पर ओवर लोड ट्रक छोडने की एवज मे तीस हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई थी। आवेदक आकाश चौरसिया पिता नन्द किशोर चौरसिया निवासी मंडला ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया था कि मै रवी शंकर जयसवाल ठेकेदार जबलपुर की कंपनी मे मैनेजर के पद पर कार्यरत हूँ तथा कंपनी द्वारा एनएच 43 पवई बाईपास का निर्माण कार्य करा रहा हूँ। दिनांक 15 मई को 5 बजे कंपनी के हाईवा रोड के लिए गिट्टी लेकर साईड जा रहा था उसी दौरान पवई थाना पुलिस द्वारा हाईवा गाडी को पकडकर थाने के बाहर खडा कर दिया तथा गाडी की चाभी रख ली तथा थाना आ कर हाईवा छोडने की बात की गई। जब मै गाडी छुडाने के लिए थाना गया तो गणेश सिंह द्वारा कहा गया कि थाना प्रभारी से संबंधित सारी डील कर ली गई है। तुम्हे गाडिया छुडाने के किल तीस तीस हजार रूपये देना होगा। उक्त मामले की शिकायत संबंधित द्वारा पुलिस अधीक्षक से की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच अनुविभागीय अधिकारी पवई से कराई गई, जिसमें मामला सही पाया गया। जिस पर प्रधान आरक्षक गणेश सिंह तथा प्रेम नारायण प्रजापति को निलंबित करते हुए लाईन अटैच कर दिया गया।

## यादव महा सभा की बैठक संपन्न, अनेक मुद्दो पर हुई चर्चा

**पन्ना।** अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक भरत यादव के निवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यादव महासभा के अध्यक्ष नत्थु सिंह यादव द्वारा की गई। इस दौरान अनेक मुद्दो पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिये गये जिसमें मुख्य रूप से समाज मे फैली अनेक कुरूतियों को बंद किया जाये। समाज के होनहार बच्चो को सम्मानित एवं पुरूष्कित किया जाये। जिससे अन्य बच्चे भी अनुशरण कर सकें। बैठक मे अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमे मुख्य रूप से बाबूलाल यादव, राम सिंह यादव, दशरथ सिंह पहलवान, बृजमोहन यादव, अरविन्द सिंह यादव, महेन्द्र यादव, दिलीप यादव, देवेन्द्र यादव, बबलू यादव, ठाकुर प्रसाद यादव, सरदार सिंह, राम गणेश, मुन्ना यादव, भरत यादव, नीतारानी यादव, करूणा यादव, बबीता सहित अनेक लोग शामिल रहें।

## शासकीय पोलिटेकनिक पवई में हुआ कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

**पन्ना।** शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय पवई में सुब्रोस लिमिटेड नोएडा द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। सुब्रोस लिमिटेड नोएडा ऑटो एयर कन्डीशनिंग, का कार्य करती है। जिसका उपयोग कार, ट्रक, बस, रेल्वे के एसी बनाने में होता है। उक्त कंपनी इसके साथ ही मुख्य रूप से एसी के कंप्रेसर, कंडेंसनर, हीटर आदि बनाने का भी कार्य करती है। कंपनी की स्थापना 1985 में हुई थी। कंपनी द्वारा शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय पवई में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन संपन्न हुआ है। जिसमें संस्था के मैकेनिकल ब्रांच के 28 विद्यार्थी



तथा इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन के 05 विद्यार्थी शामिल हुये। कंपनी के एचआर प्रमुख श्रीकान्त सक्सेना एवं टेक्निकल प्रमुख गम्भीर राणा द्वारा प्लेसमेंट इंटरव्यू के पहले कंपनी के प्रोफ़ाइल की विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को उनके द्वारा पुछे गए प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया। इस प्लेसमेंट में मैकेनिकल ब्रांच के 25 विद्यार्थी तथा इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन के 05 विद्यार्थी चयनित हुये। संस्था प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि यह संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है जिसमें उन्हे अंतिम सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के साथ-साथ नौकरी का आफ़र प्राप्त हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को अंतिम परीक्षा उपरांत जॉइन करने का आदेश प्रदाय करते हुये उन्होने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इसके साथ-साथ उन्होने पवई तथा आसपास के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश लेने का आग्रह भी किया। वर्तमान में पोलिटेक्निक में प्रवेश की कार्यवाही प्रारम्भ होने वाली है। जिससे विद्यार्थी आसानी से प्रवेश लेकर अगले तीन वर्ष में अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। संस्था के व्याख्याता आशीष त्रिपाठी, विभागा अध्यक्ष (मैकेनिकल) ने इसके लिए तथा पवई पोलिटेक्निक के लिए गौरव का क्षण बताते हुये सभी चयनित विद्यार्थियों के नव जीवन के लिए बधाइयाँ दी।

इस अवसर पर रामपाल कुशवाहा, प्रभारी टीपीओ, सत्री कचेर, ज्ञानेन्द्र सिंह, अभिषेक नामदेव, नीरज सेन अतिथि व्याख्याता मैकेनिकल के साथ साथ राजेश सेन, पुनीत द्विवेदी, घनश्याम रजक, पवन पाठक, देवेंद्र गर्ग, सुशील बाल्मीक आदि उपस्थित रहे।

# सड़क न होने से ग्रामीण परेशान

### आजादी के सत्तर साल बाद भी मूल भूत सुविधाओ से वंचित है अनेक ग्रामो के लोग

**पन्ना।** जिले के शाहनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सटवा के ग्राम छोटी भजिया के ग्रामीणो ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर अति शीघ्र सड़क निर्माण की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने



बताया कि मुख्य मार्ग से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर बसे लगभग आधा सैकड़ा घरों वाले ग्राम छोटी भजिया में सड़क नहीं होने से गांव के लोगों को आवागमन में परेशानियां उठानी पड़ती है। लोगों की परेशानी बरसात के दिनों में और बढ़ जाती है बारिश प्रारंभ होते ही 2 किलोमीटर का मार्ग पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो जाता है जिससे लोगों को बाजार हाट या सरकारी कार्यों के लिए जाने-आने बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जान में परेशानी होती है। 108 एंबुलेंस, जननी एक्सप्रेस एवं डायल हंड्रेड जैसे इमरजेंसी वाहनों की सुविधा भी नहीं मिल पाती, सड़क नहीं बनने से गांव का विकास रुका हुआ है। ग्रामीणों ने अति शीघ्र सड़क निर्माण की मांग उठाई है ताकि ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो और गांव विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके। ज्ञापन के दौरान दिनेश कुमार, बृजलाल कुमार, बसंत लाल, सुरेश कुमार, रामफल, रूपलाल, काशीराम, सुखदीन, रामस्वरूप, प्रकाश कुमार, धर्मदास सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गुनौर क्षेत्र में चल रहा भारी अवैध उत्खनन, जिम्मेवार मौन

**पन्ना।** पन्ना जिले के गुन्नौर अनुविभागीय राजस्व क्षेत्र में जब से एस डी एम रामनिवास चौधरी पदस्थ हुए हैं तब से गुन्नौर क्षेत्र में अवैध उत्खनन तेजी से होने लगा है। गुन्नौर अनुविभागीय राजस्व क्षेत्र में रेत, पत्थर, मुरुम का अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन का खेल इतनी तेजी से शुरू हो गया है कि अवैध उत्खनन करने वाले तालाबों की मेड़ तक फोड़ने में उतारू हो चले है। गुन्नौर अनुविभाग राजस्व के सलेहा उपतहसील, अमानगंज तहसील, गुनौर तहसील, नगर परिषद क्षेत्र तक मे रेत, पत्थर, मुरुम के अवैध उत्खनन होने से जहां एक ओर राजस्व की हानि तो हो रही तो वही दूसरी तरफ इन पर कार्यवाही न होने के चलते अवैध उत्खनन के कार्य मे लगे माफियाओं के होंसले बुलन्द होते जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र में साहब नाम बड़ा चर्चा में है जिनके सरक्षण में यह पूरा अवैध उत्खनन का कार्य किया जा रहा है। अब यह साहब नाम का व्यक्ति कोई अधिकारी है या कोई दलाल यह तो जांच का विषय है। फिलहाल गुनौर राजस्व क्षेत्र में भारी मात्रा में कई जगह रेत, मुरूम और पत्थर का अवैध उत्खनन हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी अनजान बनते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## बिजली समस्या की शिकायत करने पर बना दिया फर्जी प्रकरण

### विद्युत वितरण कंपनी की तानाशाही के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

**पन्ना**

पन्ना जिले में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी और तानाशाही रुकने का नाम नहीं ले रही। पन्ना जिले के रैपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम मनकोरा निवासी मनोज लोधी ने कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि उसके द्वारा कृषि कार्य हेतु बिजली के उपयोग बावत रैपुरा विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में कनिष्ट यंत्री के पास नियम अनुसार 4500 रुपए जमा किए थे। इसके बाद भी जब पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही थी तो इसकी शिकायत



पूर्व कलेक्टर संजय कुमार मिश्र के समक्ष की गई, जिस पर कलेक्टर के द्वारा कनिष्ट यंत्री और कार्यपालन यंत्री को फटकार लगाई गई थी, जिससे बौखलाए संबंधित के खिलाफ फर्जी रूप से अवैध मोटर चलाने का प्रकरण बना दिया गया था तथा 12 हजार रुपए जुर्माना कर दिया गया था। रैपुरा क्षेत्र में इस प्रकार की मनमानी आम बात बताई जा रही है। कई बार विद्युत कंपनी के कार्यालय में संपर्क करने के बाद भी मामले का निराकरण नहीं किया जा रहा, जिससे परेशान होकर मनोज लोधी ने वर्तमान कलेक्टर के समक्ष जन सुनवाई मे शिकायती आवेदन सौंप कर मनमानी और तानाशाही करने वाले विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## एग्जिट पोल एवं परिणाम का प्रकाशन या प्रचार एक जून को शाम 6.30 बजे तक पूर्णत: प्रतिबंधित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता के दौरान एक जून की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपीनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

## ग्राम पंचायत बीहर सरवईया में मशीनो से हो रहा काम

### गांव के मजदूरो को नही मिल रहा मजूदरी कार्य महानगरो के लिए पलायन करने के लिए मजबूर

**फर्जी मस्टर रोल तथा मटेरियल के बिल बाउचर लगाकर हड़पी जा रही मनरेगा योजना की राशि**



**पन्ना।** जिले मे ग्राम पंचायतो मे मनरेगा योजना के बुरे हाल है उक्त योजना के तहत गांव मे ही लोगो को मजदूरी देने की योजना है। जिससे ग्राम पंचायत के लोग गांव मे ही रोजगार प्राप्त कर अपना जीवन यापन कर सकें तथा बाहर बडे नगरो के लिए मजदूरी के लिए न भटके लेकिन पन्ना जिले मे मनरेगा योजना सरपंच, सचिव उपयंत्री तथा ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारीयो के लिए कमाई का सबसे बडा जरिया बना हुआ है। उक्त योजना में करोडो रूपये शासन द्वारा ग्राम पंचायत विकास कार्य के लिए तथा रोजगार मूलक कार्यो के तहत मजदूरी के लिए दिया जाता है लेकिन ग्रामीणो को मजदूरी कार्य न देकर मशीनो से कार्य करा लिया जाता है तथा मजदूरो के फर्जी मस्टर रोल बनाकर एवं मटेरियल के नाम पर राशि हडपकर जिम्मेदारो द्वारा बंदर बाट कर ली जाती है। इसी प्रकार का मामल अजयगढ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीहर सरवईया का प्रकाश मे आया है। जहां पर तालाब जीर्णेद्यार कार्य मे जेसीबी मशीनो तथा ट्रैक्टरो से दिन दहाडे कार्य कराया जा रहा है एवं एक भी मजदूर काम नही कर रहा है। उक्त कार्य को फर्जी रूप से मजदूरो के नाम मजदूरी डालकर निकाल ली जायेगी तथा मटेरियल के फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि हडप कर ली जायेगी। उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच रामा पटेल सचिव विवेक खरे उपयंत्री हेमन्त सोनी तथा रोजगार सहायक के द्वारा यह फर्जीवाडा किया जा रहा है। लोगो द्वारा उक्त मामले को लेकर आपत्ति की गई लेकिन जिम्मेवारो द्वारा कोई सुनाई नही की जा रही है।

## नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक सस्पेंड, 93 लाख का गेहूं गायब होने पर एक्शन

**सतना।** मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन ने नागरिक आपूर्ति निगम के सतना जिला प्रबंधक अमित गौड़ को सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि गौड़ की लापरवाही से सतना जिले में 93 लाख रुपए का गेहूं घोटाला हुआ है। प्रारंभिक जांच के बाद यह एक्शन लिया गया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि सतना जिले में गेहूं उपार्जन के दौरान खरीदी केंद्र कारीगोही से 8 मई को 8 ट्रक गेहूं रवाना किया गया था। इन ट्रकों में 2360 क्विंटल गेहूं था। 13 मई को 5 ट्रक गेहूं रवाना किया था, इनमें 1500 क्विंटल गेहूं था। ये 13 ट्रक गोदामों पर नहीं पहुंचे लेकिन सर्वेयर ने गोदाम में गेहूं की आवक दिखा दी।

## सद्‌गुरु कबीर साहेब का भव्य मंदिर निर्माण पन्ना मे किया जाये : चिरोलया

**पन्ना।** समाजसेवी लक्ष्मी नारायण चिरोलया ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि सागर जिले के बड़तूमा में बीते वर्ष 100 करोड़ रूपयों की लागत से संत रविदास जी के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। आगे चिरोलया ने कहा कि संत रविदास जी के मंदिर निर्माण की भांति सद्गुरु कबीर साहेब का भी भव्य मंदिर बनना चाहिए। पन्ना मंदिरों, हीरों की नगरी से प्रसिद्ध है। खनिज-वन-संपदा से भरपूर जिला है। चिरोलया ने कहा कि 22 जून संत कबीर की जयंती है तो शासन शीघ्र ही जयंती के दिन पन्ना में सद्गुरु कबीर साहेब जी के भव्य मंदिर निर्माण की घोषणा करेगा। चिरोलया ने प्रदेश के समाजजनों से भी सद्गुरु कबीर साहेब के भव्य मंदिर निर्माण की मांग में सहयोग करने का आव्हान किया है। चिरोलया ने कहा कि नगर के वार्ड क्र. 27 के अंतर्गत् लगभग 20 एकड़ भूमि शासन मंदिर निर्माण के लिए सुरक्षित कर सकता है तो जहां सद्गुरु कबीर साहेब के भव्य मंदिर निर्माण के साथ चारों ओर बाउन्ड्रीबाल सहित परिसर में भव्य मंदिर बनेगा साथ-साथ आलीशान धर्मशाला के साथ शानदार गार्डन भी बन सकेगा और एक तरह से यह स्थल का नाम धर्म की नगरी से जुड़ जाएगा। इस दिशा में 22 जून को सद्गुरु कबीर साहेब की जयंती पर पन्ना में कबीर कुंभ आयोजित करने की मांग के साथ चिरोलया ने छत्रसाल पार्क के सामने सामने तिराहा स्थल पर शौर्य की प्रतीक वीरांगना झलकारी देवी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी शासन से की है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरूवार 23 मई 2024



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक निर्माण विभाग पीआईयू द्वारा विभिन्न विभागों में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरे किए जाना सुनिश्चित कराएं।



## कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग पीआईयू द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक निर्माण विभाग पीआईयू द्वारा विभिन्न विभागों में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरे किए जाना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग में प्रथम चरण के 12 स्वीकृत सीएम राइज स्कूल के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्माणाधीन स्कूलों में आंतरिक सामग्री की व्यवस्था सहित फर्नीचर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए फिनिशिंग का कार्य नियत समय सीमा में पूरा कराएं तथा शासन की इस अति महत्वाकांक्षी योजना को गुणवत्तापूर्ण पूरा कराएं। उन्होंने डभौरा में बनाए जा रहे सीएम राइज स्कूल के लिए विद्यालय भवन रिक्त कर निर्माण एजेंसी को न सौपने के कारण प्राचार्य की दो वेतन वृद्धियाँ रोके जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ीकरण के जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग को तत्काल हस्तांतरित करें।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने पीआईयू द्वारा चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, तकनीकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग में कराए जाने वाले कार्यों की कार्यवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन कार्य पूर्ण कराकर विभागों को हस्तांतरित करें तथा जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं उन्हें तत्काल प्रारंभ कराएं। कलेक्टर ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी कार्यों को पूर्ण कराने में तत्परता बरतें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, सीएम राइज विद्यालयों के प्राचार्य तथा संबंधित विभागीय अधिकारी और निर्माण एजेंसी पीआईयू के कार्यपालन यंत्री केके तिवारी, सहायक यंत्री संजीव कालरा उपस्थित रहे।

### बैठक का आयोजन 27 मई को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आगामी 27 मई को प्रातः 11 बजे से टीएल बैठक आयोजित होगी। तदुपरांत दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में निर्माण विभाग के जिला अधिकारियों की उपस्थिति में शासकीय भूमि की विभागीय आवश्यकता के अनुरूप उपलब्धता की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार, जनपद के सीईओ, नगर परिषदों के सीएमओ उपस्थित रहेंगे।

### बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जागरूकता संबंधी बैठक 24 मई को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित किए जाने वाले जागरूकता अभियान के संबंध में बैठक 24 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित की गई है।

## अधिक गेंहू आवक वाले खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट दें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिन किसानों से गेंहू का उपार्जन किया गया है उन्हें तीन दिवस में भुगतान सुनिश्चित करें। प्रत्येक खरीदी केन्द्र से गेंहू के परिवहन तथा सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था कराएं। सर्वेयर एप में तकनीकी बाधा एक-दो दिन में दूर हो जाएगी। उपार्जित गेंहू के स्वीकृति पत्रक तथा बिल तत्काल जनरेट कराकर भुगतान सुनिश्चित करें। जिन खरीदी केन्द्रों में अभी भी अधिक मात्रा में गेंहू की आवक हो रही है वहाँ निरीक्षण करके रिपोर्ट दें। जिन खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक बंद हो गई है वहाँ शत-प्रतिशत गेंहू का उठाव करके खरीदी केन्द्र बंद करने की प्रक्रिया आरंभ करें।

कलेक्टर ने कहा कि 12 खरीदी केन्द्रों में अभी भी गेंहू की अधिक मात्रा उपलब्ध है। इसका अतिरिक्त वाहन लगाकर तत्काल परिवहन कराएं। जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम समितियों से सीधे सम्पर्क करके परिवहन संबंधी कठिनाईयाँ दूर करें। बैठक में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम श्रीमती शिखा सिंह वर्मा ने बताया कि अब तक उपार्जित गेंहू के 92 प्रतिशत का परिवहन हो चुका है। किसानों को अब तक 179 करोड़ रुपए का भुगतान उनके खाते में कर दिया गया है। शेष राशि के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। पोर्टल में तकनीकी बाधा के कारण कुछ कठिनाई हो रही थी जिसे आज दूर कर लिया जाएगा। परिवहनकर्ताओं को भी भुगतान किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्देश प्राप्त होने के बाद ही खरीदी केन्द्र बंद किए जाएंगे। जिले के आधे से अधिक खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक बहुत कम हो गई है। बैठक में जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, उपायुक्त सहकारिता अशोक शुक्ला, जिला प्रबंधक वेयरहाउस कमल बागरी, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी उपस्थित रहे।

## मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन तथा शस्त्रों पर रहेगा प्रतिंबध

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र रीवा की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना प्रात: 8 बजे से इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। मतगणना के लिए विधानसभावार आठ गणना कक्ष बनाए गए हैं। मतगणना के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किये जा रहे हैं। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्र में केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना एजेण्ट एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय से जारी प्रवेश पत्रधारी मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना केन्द्र में किसी भी तरह के विस्फोटक अस्त्र-शस्त्र का भी प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी उम्मीदवार को शस्त्र सुरक्षा प्राप्त है तो केवल उम्मीदवार को ही प्रवेश मिलेगा। उनके सुरक्षाकर्मी को मतदान केन्द्र प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना केन्द्र में धूम्रपान पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। मतगणना केन्द्र में आने वाले अधिकारी-कर्मचारी उम्मीदवार तथा उनके मतगणना एजेण्ट अपने प्रवेश पत्र साथ रखें। मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन, धूम्रपान सामग्री तथा किसी तरह का भोजन पदार्थ साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

रीवा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में इन्टरनेशनल डे फार बायोलाजिकल डायवर्सिटी दिवस के अवसर पर ए.डी.आर. सेन्टर जिला न्यायालय में सालेड बेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जाति सुरक्षित रहेगी। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने अवशिष्ट प्रबंधन के बारे जानकारी दी। प्राध्यापक श्रीमती आरती तिवारी ने अपने उद्बोधन में ठोस अवशिष्ट प्रबंधन प्रणाली ई-बेस्ट मैनेजमेंट के बारे में बताया। शिविर में श्रीमती ममता नरेन्द्र सिंह, श्लेषा शुक्ला, अनीश पाण्डेय, भीम सिंह बघेल, धर्मेन्द्र नापित ने भी विचार व्यक्त किये। शिविर का संचालन प्रिया मिश्रा ने किया। शिविर में स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, विधि छात्र एवं पैरालीगल वालेटियर्स उपस्थित रहे। एक अन्य विधिक जागरूकता शिविर में पाक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश श्रीमती कंचन गुप्ता ने पाक्सों अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि बालक बालिकाओं के यौन शोषण से रोकथाम एवं अपराधियों को कडे दण्ड देने के प्रावधान किये गये है ताकि बालक बालिकाओं के लिए समाज में स्वस्थ्य वातावरण निर्मित हो। शिविर में अधिवक्ता, छात्र-छात्राये, पैरालीगल वालेटियर्स उपस्थित रहे।

## मतगणना के लिए प्रेक्षक नियुक्त

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में की जाएगी। मतगणना कार्य को संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। संजीव कुमार (आईएएस) को विधानसभा क्षेत्र मनगवां, रीवा एवं गुढ़ के लिए, राजकुमार कटोच (एससीएस) को मऊगंज एवं देवतालाब के लिए, निशांत ठाकुर (एससीएस) को सिरमौर एवं त्योंथर के लिए तथा जेएम तुवर (एससीएस) को सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा प्रेक्षकों के सहयोग के लिए लाइजनिंग अधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

## रायपुर कर्चुलियान तहसील अंतर्गत ग्राम बुढ़वा में जल संकट से हाहाकार

**रीवा।** संभागीय मुख्यालय रीवा से करीब 25 किलोमीटर दूर रायपुर कर्चुलियान तहसील अंतर्गत ग्राम बुढ़वा में जल संकट से हाहाकार है। जल समस्या जानलेवा बन गई है। 4 माह पहले से ही परंपरागत जल स्रोत सूखने लगे थे। हैंड पंप खाली हवा फेंक रहे हैं। सिंचाई के अभाव में बाग बगीचों की हरियाली काफी पहले खत्म हो गई । 23 जनवरी 2024 को सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर विभिन्न जन संगठनों की ओर से रखे गए कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों ने जल समस्या को लेकर अपनी व्यथा रखी थी। उस समय परीक्षाएं नजदीक होने के बावजूद स्कूली बच्चे डेढ़ दो किलोमीटर साइकिल से पीने का पानी ढोते देखे गए ।29 जनवरी को रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल के यहां जनसुनवाई के दौरान बुढ़वा ग्राम वासियों ने भीषण जल संकट की स्थिति का निराकरण कराने के लिए गुहार लगाई गई थी। फिर 1 फरवरी को रायपुर कर्चुलियान के एसडीएम प्रभा शंकर त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर जल समस्या का शीघ्र से शीघ्र समाधान की मांग की थी। लेकिन जल समस्या का निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है। ग्रामवासी समाजसेवी रामाधार पटेल बताते हैं कि गांव में पानी का भीषण संकट होने से जन-जन परेशान हैं , वहीं पशु पक्षी भी पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। पानी की किल्लत से निस्तार के हर काम में बाधित हैं। शौचालय , स्नानागार से लेकर भोजनालय तक पानी के तंगी होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दूर दराज से मिलने वाला पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जल संकट के चलते पलायन के हालात बन रहे हैं।

## बिना फिटनेस बिना बीमा के 141 वाहनों पर की गई चलानीं कार्यवाही



**रीवा।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा बिना फिटनेस और बिना बीमा के चलने वाले 141 वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही। रीवा ज़िले में परिवहन सुरक्षा स्कवाड ,चाकघाट चेकपोस्ट , एवं मउगंज ज़िले के हनुमना चेकपोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर इन वाहनों पर कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही माह जनवरी 2024 से मार्च 2024 के बीच की गई। कार्यवाही से 620000 (छै लाख बीश हज़ार रुपये)का राजस्व शमन शुल्क के रूप में अर्जित किया गया है। यह कार्यवाही रीवा आर टी ओ के निर्देशन में चेकपोस्ट चाकघाट हनुमना और परिवहन सुरक्षा स्कवाड के प्रभारियो द्वारा की गई जाँच में विशेष रूप से स्पीड गवर्नर लाइट इंडिकेटर बैक लाइट और फिटनेस से संबंधित अन्य मानको की जाच की गई।

### नगर निगम की त्वरित कार्यवाही से घायल गाय को मिला उपचार

**रीवा।** गत दिनों शहर के वार्ड क्र. 4 देवालय के पास प्रमुख मार्ग पर गाय को घायल स्थिति में देख एक नागरिक ने नगर निगम को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और गाय की स्थिति को देखते हुए तुरंत आवश्यक कदम उठाए गये, नगर निगम की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए रोड़ पर घायल पड़ी गाय को तत्काल उपचार के लिए पशु वाहन द्वारा नजदीकी गौशाला भेजा गया। गौशाला में गाय को पशु चिकित्सकों द्वारा आवश्यक चिकित्सा सुविधा दी जा रही है एवं उपचार और देखभाल के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

## नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा चलाया गया डोर टू डोर जागरुकता अभियान



रीवा

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 22.05.2024 को शहर के रहवासी क्षेत्रों में डोर टू डोर स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया एवं समझाईस दी गई कि कचरे को बाहर न फेककर कचरा गाड़ी में ही दे घरों से निकलने वाले कचरे को अलग अलग करके दो डस्टबीन का उपयोग करें। यह भी बताया गया जो कचरा आप बाहर फेक देते है उससे हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता है और हमारे स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही हमारा शहर की स्वच्छता में असर पड़ता है। अभियान के दौरान सभी रहवासियो से अपील की गई कि आप सभी घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा गाड़ी में दे जिससे हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बन सके। इसके साथ ही नागरिकों को अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई गई। अब रीवा शहर के सभी रहवासियो ने ठाना है, रीवा को स्वच्छ बनाना है और 2024 में शहर को प्रथम स्थान दिलाना है। डोर टू डोर जागरुकता अभियान में आईईसी टीम, वॉर्ड दरोगा एवं वॉर्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।

### छात्रवृत्ति के संबंध में बैठक 30 मई को

रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ावर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की समीक्षा की जाएगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में यह बैठक प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, डीईओ ट्राईबल, डीन मेडिकल कालेज, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, समस्त बीईओ, प्राचार्य इंजीनियरिंग कालेज, प्राचार्य पॉलिटेक्निक कालेज, प्राचार्य आईटीआई व सहायक संचालक पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## नई डवलप हो रही अवैध कालोनियों के रोकथाम हेतु निगम अमले द्वारा ठोस कार्यवाही की जाय



**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा नगर पालिक निगम के भवन निर्माण अनुज्ञा एवं कालोनी सेल के अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेते हुये निर्देशित किया है कि नई डवलप हो रही अवैध कालोनियों के रोकथाम हेतु निगम अमले द्वारा ठोस कार्यवाही की जाय जिससे इस प्रकार की कालोनियाँ विकसित न हो। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा है कि नई विकसित हो रही अवैध कालोनियों को नोटिस जारी करें, तथा अवैध प्लाटिंग में हो रहे निर्माण कार्यो पर कार्यवाही करें। निगमायुक्त द्वारा शहर की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं पीएमआईएस द्वारा भवन अनुज्ञा की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। सभी परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने की बात कही। जिससे लापरवाही व शिकायत की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, श्री एसएल दहायत, श्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री श्री संतोष पाण्डेय, श्री अम्ब्ररीश सिंह, श्री पीएन शुक्ला, उपयंत्री श्री हरेराम मिश्रा, श्री रमेश सिंह, श्री सुनील मिश्रा, श्री शुभम तिवारी, श्री एसएस मिश्रा, श्री आशुतोष पाण्डेय, श्री नरेन्द्र जोगी, श्रीमती सुवर्णा तिवारी, श्रीमती पूर्वी अग्रवाल, मानचित्रकार श्री राजेश चतुर्वेदी मौजूद रहें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833